विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा


# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 273 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 05 जुलाई 2025 डाक 06 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुणे में श्रीमंत थोरले बाजीराव पेशवे की प्रतिमा के अनावरण के दौरान संबोधित किया



**देश-विदेश**
बेंगलुरु की अदालत ने अभिनेता कमल हासन को कन्नड़ के खिलाफ टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया



**फीचर पेज**
लहंगे के साथ पहनी जा सकती हैं ये 5 तरह की फुटवियर्स, लगेंगी बेहतरीन




## अब आई हिमाचल की याद..., कंगना रनौत ने कहा विजिट करूंगी तो भड़के लोग

### बोले- तबाही के बाद किस काम का दौरा



हिमाचल प्रदेश जा रही हूं। जल्द ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करूंगी। कृपया निश्चिंत रहें, मैं हर परिस्थिति में हिमाचल प्रदेश के साथ हूं।

जय हिंदलेकिन लोगों का गुस्सा अब भी शांत नहीं हो रहा। आम जनता पूछ रही है कि जब चार दिन तक लोग मलबे में दबे रहे, सड़कें टूट गईं, घर उजड़ गए, परिवार बह गए, तब उनकी सांसद कहां थीं। इंटरनेट मीडिया पर कई लोगों ने लिखा- अब सब बह गया, तो दौरा किस काम का। चुनाव के समय खुद को पहाड़ की बेटी बताने वाली कंगना आपदा के समय पूरी तरह नदारद रहीं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, अन्य मंत्री, केंद्रीय प्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन जहां मौके पर राहत कार्यों में जुटा रहा, वहीं कंगना की गैर-मौजूदगी ने जन भावनाओं को आहत किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बयान और प्रस्तावित दौरा केवल आलोचना को शांत करने और छवि सुधारने की कोशिश भर है। हालांकि अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि कंगना का यह दौरा केवल औपचारिकता बनकर रहेगा या वे वास्तव में प्रभावितों के लिए कोई ठोस मदद लेकर आएंगी।

**मंडी, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद बनी फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत आखिरकार प्रदेश की भीषण आपदा पर जागीं, जब उनकी चुप्पी को लेकर चारों ओर से तीखी आलोचना शुरू हो गई।

सदी की सबसे भीषण बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी आपदा से तबाह हुए सराज, थुनाग, जंजैहली और मंडी के अन्य क्षेत्रों में जब लोग मदद के लिए तड़प रहे थे, तब सांसद कंगना न तो सामने आईं, न कोई संवेदना प्रकट की और न ही किसी प्रकार की मदद की घोषणा की। इस चुप्पी को लेकर मीडिया में तीखे सवाल उठने लगे। प्रदेश के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेताओं ने भी उनकी चुप्पी पर सवाल खड़े किए। ऐसे में कंगना ने एक इंटरनेट मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा कि मैं

## रान्या राव गोल्ड स्मगलिंग केस में ईडी का एक्शन, करोड़ों की संपत्ति कुर्क



**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्दिनी रान्या उर्फ रान्या राव और उनके सहयोगियों के खिलाफ सोने की तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने 34.12 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनमें बेंगलुरु और तुमकुर जिले की संपत्तियां शामिल हैं। इनमें बेंगलुरु के विक्टोरिया लेआउट में एक घर, अर्कावती लेआउट में एक भूखंड, तुमकुर में औद्योगिक भूमि और अनेकल तालुक में कृषि भूमि शामिल है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई। ईडी की जांच 7 मार्च 2025 को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक एफआईआर पर शुरू हुई, जो राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की शिकायत पर आधारित थी।3 मार्च 2025 को डीआरआई ने रान्या राव को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये के 14.2 किलो 24 कैरेट सोने के साथ पकड़ा, जिसकी कीमत 12.56 करोड़ रुपये थी।

उनके घर की तलाशी में 2.67 करोड़ रुपये नकद और 2.06 करोड़ के सोने के आभूषण बरामद हुए थे। इसके अलावा, मुंबई हवाई अड्डे पर दो विदेशी नागरिकों (एक ओमानी और एक यूएई नागरिक) को 21.28 किलो तस्करी के सोने के साथ पकड़ा गया, जिसकी कीमत 18.92 करोड़ रुपये थी। जांच में खुलासा हुआ कि रान्या राव ने तरुण कोंडुरु राजू और अन्य के साथ मिलकर एक सुनियोजित तस्करी रैकेट चलाया।

### 20 सालों बाद एक मंच पर ठाकरे ब्रदर्स

## हजारों कार्यकर्ताओं के सामने गले मिले उद्धव और राज ठाकरे



**नई दिल्ली 05 जुलाई।** महाराष्ट्र की सियासत में आज का दिन बेहद अहम माना जा रहा है। लंबे समय के बाद राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे आखिराकर साथ आ गए। दोनों चचेरे भाइयों ने एक साथ मंच साझा किया और साथ ही गले भी मिले। दोनों भाई मुंबई के वर्ली में मराठी विजय दिवस मनाने के लिए मंच साझा किया। हालांकि, इस मिलन को सियासी पंडित महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत बता रहे हैं। इस मुलाकात के लिए राज ठाकरे अपनी पत्नी शर्मिला और बेटे अमित ठाकरे और बेटी उर्वशी के साथ पहुंचे थे। उद्धव ठाकरे भी अपने परिवार के साथ पहुंचे, जिसमें उनकी पत्नी रश्मि और बेटे आदित्य और तेजस साथ रहे।

## खाली पड़े घर में देसी बम फटने से जोरदार विस्फोट, उड़ गई मकान की छत, एक की मौत

**कोलकाता 05 जुलाई।** पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले में एक देसी बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना कटवा उप-विभाग के राजोआ गांव में रात करीब 8.30 बजे हुई थी, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट इतना भयानक था कि जिस घर में बम बनाने का काम चल रहा था, उसकी टीन की छत उड़ गई।

## अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल फिर घोषित हुए तनखैया, श्री पटना साहिब ने इस मामले में की कार्रवाई



**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ गई हैं। एक बार उन्हें फिर से तनखैया घोषित करार दिया गया है। इस बार यह फैसला तख्त श्री हरमंदिर जी, पटना साहिब के पंज प्यारे सिंह साहिबानों की एक विशेष बैठक में दिया गया। इस मीटिंग में सुखबीर सिंह बादल को वेतनभोगी घोषित किया गया।

## जम्मू के रामबन में पांच बसों की आपस में भिडंत, अमरनाथ धाम जा रहे 36 श्रद्धालु घायल



**रामबन।** जम्मू के रामबन में शनिवार को पांच बसों की टक्कर में कम से कम 36 अमरनाथ तीर्थयात्री मामूली रूप से घायल हो गए। बसें जम्मू के भगवती नगर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम बेस कैंप के लिए जा रहे काफिले का हिस्सा थीं।हादसे को लेकर अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकूट के पास हुई।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना एक बस के ब्रेक फेल होने के कारण हुई, जिसने बाद बस ने अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई। रामबन के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद अलयास खान ने बताया कि चंदरकोट लंगर स्थल के पास एक बस ब्रेक नहीं लगा सकी और यह चार अन्य बसों से टकरा गई। कुल 36 तीर्थयात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। मरीजों का अस्पताल में इलाज किया गया।

## बीजापुर मुठभेड़ में 1 नक्सली ढेर

**बीजापुर।** बीजापुर-दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र नेशनल पार्क एरिया में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। घने जंगल में देर रात से यह मुठभेड़ चल रही है। दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। फिलहाल मुठभेड़ की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस पार्टी सर्चिंग के लिए नेशनल पार्क एरिया की ओर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। देर रात से घने जंगल में गोलीबारी जारी है।

## हाजीपुर में उद्योगपति गोपाल खेमका के सिर में मारी गोली

### हादसे के बाद इलाके में दहशत, जांच के लिए एसआईटी गठित



**पटना, 05 जुलाई।**

बिहार पुलिस ने व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड पर एसआईटी का गठन किया है। डीजीपी विनय कुमार के अनुसार, एसपी सिटी सेंट्रल इस एसआईटी का नेतृत्व करेंगे। बता दें कि राजधानी के बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की शुक्रवार रात 11.45 बजे सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के पास हुई। उन्हें मेडिवर्सल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर थाना पुलिस समेत तमाम वरीय अधिकारी पहुंच गए। घटना के बाद परिजनों में गुस्सा है। आरोप लगाया जा रहा है कि पुलिस घटना के काफी देर बाद अस्पताल पहुंची। 2018 में उनके बेटे गुंजन खेमका की हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जानकारी के अनुसार, गोपाल खेमका बांकीपुर क्लब से घर लौट रहे थे। वे कार से उतरे ही थे कि अपराधियों ने उन्हें सिर में गोली मार दी। गोपाल खेमका राज्य के बड़े व्यवसायी थे।

## कोयला खदान का हिस्सा ढहने से एक व्यक्ति की मौत, कई अन्य के फंसे होने की आशंका

**रामगढ़, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

झारखंड के रामगढ़ जिले में 'अवैध' खनन के दौरान कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कुछ अन्य लोगों के वहां फंसे होने की आशंका है। यह घटना जिले के कर्मा इलाके में शनिवार तड़के हुई। पुलिस ने बताया कि राहत एवं बचाव अभियान के लिए एक टीम को भेजा गया है। खदान में कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि कुछ ग्रामीण कोयले का ''अवैध'' खनन कर रहे थे। रामगढ़ के उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने कहा, हमें सुबह घटना की जानकारी मिली। मामले की जांच के लिए प्रशासन की एक टीम मौके पर भेजी गई है।

## केरल में कुत्ते के काटने से हुई मौतों के बाद रेबीज रोकथाम पर तमिलनाडु ने एडवाइजरी जारी की



**चेन्नई 05 जुलाई।** केरल में रेबीज से दो लोगों की मौत के बाद तमिलनाडु के सार्वजनिक स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशालय ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त सलाह जारी की। सर्कुलर में कुत्ते के काटने की श्रेणी को पहचानने के लिए उचित प्रशिक्षण और समय पर सही तरीके से पोस्ट-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (पीईपी), जिसमें रेबीज इम्यूनोग्लोबुलिन (आरआईजी) और एंटी-रेबीज वैक्सीन (एआरवी) शामिल हैं, देने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डॉ. टीएस सेल्वाविनायगम ने स्वास्थ्य अधिकारियों को बताया कि रेबीज एक घातक वायरल बीमारी है जो मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है।

इसके लक्षण दिखने के बाद बचने की संभावना बहुत कम होती है। उन्होंने कहा कि रेबीज का टीका तभी जान बचा सकता है जब इसे सही तरीके से और जल्दी दिया जाए। यह एडवाइजरी केरल में दो लड़कों की मौत के बाद जारी की गई है, जिन्हें आवारा कुत्तों ने काट लिया था। मृत्यु का कारण माना जा रहा है कि पीईपी (पोस्ट-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस) शुरू करने में देरी, श्रेणी III के मामलों में आरआईजी (रेबीज इम्यूनोग्लोबुलिन) न देना, घाव की ठीक से सफाई न करना, टीके की खुराक छूटना या देरी होना थीं।

## अमेरिका के टेक्सस में बाढ़ से तबाही, 13 लोगों की मौत, कैंपिंग करने गए 20 लोग लापता

**नईदिल्ली, 05 जुलाई।**



अमेरिका के टेक्सस में अचानक आई बाढ़ में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कैंपिंग करने गए 20 लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, मूसलाधार बारिश के बाद दक्षिण-मध्य टेक्सास में ग्वाडालूप नदी में जबरदस्त बाढ़ आ गई, जिसके चलते नदी किनारे स्थित समर कैंप से लगभग दो दर्जन लड़कियां लापता हैं। अमेरिकी मौसम विभाग ने टेक्सस हिल कंट्री में स्थित केर काउंटी के कुछ हिस्सों के लिए अचानक बाढ़ की आपात स्थिति घोषित की है। ये घोषणा भारी बारिश के बाद आए तूफान के बाद की गई।

काउंटी सीट केरविले के सिटी मैनेजर डाल्टन राइस ने पत्रकारों को बताया कि ये भीषण बाढ़ सुबह होने से पहले ही आ गई, इसके बारे में कोई चेतावनी जारी नहीं की गई थी।राइस ने कहा, यह बहुत ही जल्दी हुआ, बहुत कम समय में। इसका पूर्वानुमान रडार से भी नहीं लगाया जा सकता था। यह दो घंटे से भी कम समय में हुआ। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने कहा कि इलाके में बाढ़ की वजह से 13 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब ये सब खत्म हो जाएगा तो और भी लोग मृत पाए जाएंगे। वहीं टेक्सस के लेफ्टिनेंट गवर्नर डैन पैट्रिक पहले ही बता चुके हैं कि बच्चों समेत 10 शव पाए जा चुके हैं और इनमें से कुछ कारों के साथ बहकर आए थे। उन्होंने ये भी कहा कि अधिकारी समर कैंप से लापता 23 लड़कियों की भी तलाश कर रहे हैं। पैट्रिक ने कहा, हम प्रार्थना करते हैं कि सभी लापता लोग जिंदा मिलें। पैट्रिक ने बताया कि भारी बारिश की वजह से ग्वाडालूप नदी का जलस्तर 45 मिनट में 26 फीट बढ़ गया था।

उन्होंने ये भी कहा कि सर्चिंग एरिया के ऊपर 14 हेलीकॉप्टर और ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं और लापता लोगों की खोज की जा रही है। इसके अलावा, उन्होंने इलाके में भारी बारिश की चेतावनी देते हुए कहा कि अगले 24 से 48 घंटों तक सैन एंटोनियो से वाको तक बाढ़ का खतरा बना रहेगा।

## ब्यूनस आयर्स में भारतीय समुदाय ने पीएम मोदी का किया भव्य स्वागत

**ब्यूनस आयर्स, 05 जुलाई [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स स्थित अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री का स्वागत मोदी-मोदी, जय हिंद, और भारत माता की जय के नारों के साथ किया। इस स्वागत समारोह में पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया गया। भारतीय समुदाय को प्रधानमंत्री मोदी से मिलने और बात करने का मौका मिला। इस दौरान कई लोगों ने उनसे ऑटोग्राफ लिया। पीएम मोदी की अर्जेंटीना की दो दिवसीय यात्रा 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है, जो इसके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती है। अर्जेंटीना पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, द्विपक्षीय यात्रा के लिए ब्यूनस आयर्स पहुंचा हूं, जिसमें अर्जेंटीना के साथ संबंधों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली से मिलने और उनके साथ विस्तृत बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।

प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति जेवियर माइली के निमंत्रण पर अर्जेंटीना पहुंचे हैं। दोनों नेताओं के बीच आखिरी मुलाकात नवंबर 2024 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले 2018 में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अर्जेंटीना जा चुके हैं।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति दोषपूर्ण है, यह दुनिया में भारत के दुश्मन बढ़ा रही, कांग्रेस ने लगाया सरकार पर गंभीर आरोप

**नईदिल्ली, 05 जुलाई [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की के कार्यकाल में जो कुछ हुआ है उसे लेकर कांग्रेस संतुष्ट नहीं है। पहलगाम हमले के बाद भारत का एक्शन, पाकिस्तान से संघर्ष के बाद अमेरिका का पाकिस्तान प्रेम- ट्रंप और मुनीर की लंच डेट, मालद्वीप के साथ परेशानियां आदि होने पर कांग्रेस ने अपने देश की सरकार पर तीखा हमला किया था। अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 से 9 जुलाई तक पांच देशों की ऐतिहासिक यात्रा पर निकले, जिसमें घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा शामिल है। इस पर भी कांग्रेस उनके जाने के बाद देश की विदेश नीति पर सवाल उठा रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की विदेश नीति को दोषपूर्ण बताते हुए कहा कि इसने भारत के चारों ओर दुश्मन पैदा कर दिए हैं। खरगे ने यहां सामाजिक न्याय समारा भेरी को संबोधित करते हुए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की चुनौती दी। खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के 42 देशों की यात्रा कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्होंने मणिपुर का दौरा नहीं किया है, जहां लोग मर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, उनकी विदेश नीति अच्छी नहीं है, जिसकी वजह से हमारे चारों तरफ दुश्मन बन गए हैं। एक तरफ चीन है, तो दूसरी तरफ पाकिस्तान। आज नेपाल भी हमसे दूर होता जा रहा है। हर कोई हमसे दूर हो रहा है। हाल ही में, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी एक पत्रिका में प्रकाशित लेख में कहा गया कि सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान संविधान को खत्म करने के लिए नहीं, बल्कि कांग्रेस की आपातकालीन युग की नीतियों की विकृतियों से मुक्त होकर इसकी मूल भावना को बहाल करने के लिए किया था। खरगे ने होसबाले के आह्वान पर कहा, मैंने सुना है कि आरएसएस के लोग कह रहे हैं कि वे संविधान से समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्द हटा देंगे।

मैं आपको या आपकी भाजपा या (अमित) शाह को चुनौती देता हूं। कोई भी इन्हें नहीं हटा सकता, हिम्मत है तो हटाकर दिखाओ। उन्होंने मोदी पर पिछले 11 वर्ष में देश की अर्थव्यवस्था को चौपट करने और संविधान को तहस-नहस करने का आरोप लगाया। खरगे ने कहा कि कांग्रेस मोदी को सबक सिखाकर रहेगी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह केंद्र में सत्ता में लौटे और देश की दिशा बदल दे। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मोदी दूसरे देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को गले लगाते हैं, लेकिन अपने देश के आम लोगों और किसानों को नजरअंदाज करते हैं।

# खाद-बीज की समय पर आपूर्ति से बढ़ा किसानों का आत्मविश्वास

### रियायती दरों पर खाद-बीज की समय पर उपलब्धता किसानों के लिए सबसे बड़ी मदद : किसान मानकुमार





**कोरबा ।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही गांवों में खेती को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खेतों में ट्रैक्टर से जुताई हो रही है, रोपा लगाने का काम तेजी से चल रहा है और किसान पूरी लगन से इस बार की अच्छे फसल उत्पादन हेतु तैयारियों में जुटे हैं। इस उत्साह का एक बड़ा कारण है सहकारी समितियों में खाद व बीज की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता। किसानों को अब न लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है, न ही महंगे दामों पर बाजारों से बीज या खाद खरीदने की मजबूरी है।

करतला के सहकारी समिति में खाद बीज लेने आए बांधापाली के किसान श्री मानकुमार खाद बीज बिना किसी अव्यवस्था या देरी के मिलने और अपनी संतुष्टि जताते हुए कहा कि इस बार समय पर बारिश आयी है , जिससे उनके जैसे किसानों में खरीफ सीजन की तैयारी को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद ऐसा अवसर आया है जब समय पर बारिश, समितियों से पर्याप्त खाद-बीज की आपूर्ति ने किसानों के दिलों में नई उम्मीद जगा दी है।वे कहते हैं हम जैसे छोटे किसानों के लिए खाद-बीज की समय पर उपलब्धता ही सबसे बड़ी मदद है। इस बार हम पिछले वर्ष से भी अधिक उत्पादन के लिए तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि खेतों में बोनी की पूरी तैयारी कर ली है। आज समिति से उन्हें बिना किसी परेशानी के गुणवत्तापूर्ण खाद और उन्नत बीज मिल गया। किसान ने बताया कि समिति में पहुँचने के साथ ही उन्हें बिना किसी लंबी कतार या परेशानी के यूरिया, एनपीके और सुपर फॉस्फेट जैसे उर्वरक सहजता से मिल गए। मानकुमार बताते हैं कि उन्होंने अपने 10 एकड़ में धान की फसल लेने की योजना बनाई है। मानसून के आहट के साथ ही खेतों की जुताई पूरा कर लिया गया है और पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश से मजदूर रोपा लगाने में जुट गए है हैं। कृषक मान कुमार ने कहा कि समिति से मिलने वाला खाद रियायती दर पर होने के साथ ही गुणवत्ता में भी बेहतर है। इस साल उन्होंने समय पर बोनी शुरू कर दी है और उन्हें उम्मीद है कि पैदावार भी बेहतर होगी।

# युक्तियुक्तकरण बना शिक्षा सुधार की नींव : अब हर छात्र को मिल रहा विषय विशेषज्ञ शिक्षक

### गणित से था डर, अब है लगाव - करतला स्कूल में शिक्षक की नियुक्ति से बदली शिक्षा की दिशा





**कोरबा ।** जब भी कक्षा में गणित का नाम लिया जाता, कक्षा 8वीं के बच्चों के चेहरे पर डर और भ्रम साफ नजर आता। समीकरण समझना तो दूर, स्क्वायर, क्यूब, रूट या एल्जेब्रा के सवालों में वे ऐसे उलझ जाते मानो यह कोई रहस्य हो। फॉर्मूले याद रहते थे, लेकिन उन्हें सवालों में कैसे और कहाँ लगाना है, यह समझ ही नहीं आता था।यह समस्या केवल कोरबा जिले के करतला क्षेत्र की नहीं है, बल्कि प्रदेश के उन सैकड़ों स्कूलों की है जहाँ शिक्षक की अनुपलब्धता के कारण बच्चों की समझ, रुचि और आत्मविश्वास तीनों ही शिक्षा से दूर हो रहे थे। विशेषकर गणित जैसे तकनीकी विषय में, शिक्षक की अनुपस्थिति बच्चों के बुनियादी कौशल के विकास में सबसे बड़ी बाधा बन रही थी। लेकिन अब यह तस्वीर तेजी से बदल रही है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गई युक्तियुक्तकरण नीति के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश के सुदूरवर्ती और शिक्षकविहीन स्कूलों में भी विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। इसका उदाहरण कोरबा जिले के शासकीय माध्यमिक शाला, करतला में देखने को मिल रहा है, जहाँ हाल ही में गणित विषय के शिक्षक श्री किशोर केसरवानी की पदस्थापना की गई है।पूर्व में इस स्कूल में गणित विषय के शिक्षक की अनुपस्थिति के कारण बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब शिक्षक श्री किशोर केसरवानी के आने से न केवल बच्चों की कठिनाइयाँ दूर हुई हैं, बल्कि उनमें गणित के प्रति एक नई रुचि भी जागृत हुई है। शिक्षक श्री केसरवानी ने आते ही बच्चों को सभी मूलभूत फॉर्मूलों को दोहरवाया, उन्हें बीस तक का पहाड़ा याद कराया और गणित को रोजमर्रा की गतिविधियों के माध्यम से समझाने का नवाचार प्रारंभ किया। उनका मानना है कि गणित केवल क्लासरूम तक सीमित विषय नहीं है, यह जीवन का हिस्सा है दृ इसे चलते-फिरते, खेलते-कूदते और उदाहरणों के माध्यम से समझाया जाना चाहिए। जब गणित से डर खत्म होगा, तब बच्चे उसमें रुचि लेंगे। छत्तीसगढ़ शासन की इस दूरदर्शी पहल युक्तियुक्तकरण से न केवल एक स्कूल को शिक्षक मिला, बल्कि हजारों ऐसे बच्चों को मार्गदर्शन मिल रहा है, जो अब तक केवल इंतज़ार कर रहे थे। शिक्षा विभाग द्वारा यह कदम उन स्कूलों की पहचान करके उठाया गया, जहाँ शिक्षकों की कमी थी या कोई शिक्षक ही नहीं था। अब ऐसी शालाओं में भी योग्य शिक्षकों की नियुक्ति हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित यह नीति प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का एक निर्णायक प्रयास है, जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल दिशा की ओर बढ़ रहा है। स्कूल के छात्रों में इस बदलाव को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। कक्षा आठवीं के छात्र मनीष राठिया ने कहा, पहले हमारे पास गणित का कोई शिक्षक नहीं था। हम सिर्फ किताबों से देखते थे, लेकिन समझ नहीं पाते थे। अब सर के आने से पढ़ाई में मज़ा आने लगा है, और गणित अब डरावना नहीं लगता।वहीं स्कूल के अन्य विद्यार्थियों ने भी शिक्षक की उपस्थिति को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि अब वे परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पहले से अधिक आत्मविश्वास महसूस कर रहे हैं।

श्री केसरवानी इससे पूर्व माध्यमिक शाला फरसवानी में कार्यरत थे। उन्होंने कहा, सरकार की इस पहल से बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। अब दूरस्थ अंचलों में भी शिक्षा का प्रकाश पहुँच रहा है। जब शिक्षक सही स्थान पर होंगे तभी शिक्षा का उद्देश्य पूरा हो पाएगा। वे आगे कहते हैं कि गणित जैसे विषय को लेकर अक्सर बच्चों में भय होता है,



# कलेक्टर एवं एसपी ने ली कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**कोरबा।** जिले में शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अधिकारियों को सजगता, सतर्कता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने और ऐसे स्थानों पर लोक शांति भंग करने वालों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम,एसडीओपी और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग को सघन करें और अपने अधीनस्थ अमले को पूरी तरह से सक्रिय रखें। इसके साथ ही सूचना तंत्र को मजबूत बनाकर किसी भी संभावित समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर तत्काल किया जाए।पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु सभी अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने असामाजिक तत्वों और अवांछित गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने तथा ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में आपसी समन्वय, सूचना आदान-प्रदान और संयुक्त रणनीति के तहत कार्य करने पर बल दिया गया, ताकि जिले में शांति और कानून व्यवस्था प्रभावी रूप से बनी रहे।इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, नगर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पांडेय, अपर कलेक्टर श्री मनोज बंजारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सभी एसडीएम, एसडीओपी, थाना प्रभारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएमएफ से होगी 480 अतिथि शिक्षकों और 351 भृत्यो की नियुक्ति



**कोरबा ।** राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत कोरबा जिले में अतिशेष शिक्षको की पदस्थापना के बाद भी रिक्त शिक्षकों के पदो और विद्यार्थियों के दर्ज संख्या के हिसाब से कम हो रहे शिक्षकों की प्रतिपूर्ति के लिए कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने सार्थक कदम उठाया है। उन्होंने जिले के विद्यालयों में शिक्षकों तथा भृत्यों के रिक्त पदो की संख्या जुटाकर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) से मानदेय के आधार पर 480 अतिथि शिक्षकों और 351 भृत्यों के भर्ती का निर्णय लिया है। इन अतिथि शिक्षकों में प्राथमिक शाला के 243, माध्यमिक ष्शाला के 109 और हाई तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों में व्याख्याताओं के 128 पदो पर भर्ती की जायेगी। खास बात यह है कि विगत शिक्षण सत्र में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करने वाले शिक्षकों को इस सत्र की नियुक्ति में प्राथमिकता दी जायेगी। इसके साथ ही भृत्यों एवं अतिथि शिक्षकों को गत वर्ष दिये जाने वाले मानदेय में भी वृद्धि कर दी गई है।

कलेक्टर श्री वसंत द्वारा जिले में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के साथ ही स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस सत्र में भी डीएमएफ से अतिथि शिक्षकों के नियुक्ति का निर्णय लिया है। पूर्व में डीएमएफ के शासी परिषद के बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुरूप वर्तमान शिक्षण सत्र में भी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति का अनुमोदन किया गया है। कलेक्टर श्री वसंत ने युक्ति युक्तकरण प्रक्रिया में अतिशेष शिक्षकों के समायोजन के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उन सभी विद्यालयों की जानकारी मंगाई थी, जहां विद्यार्थियों के दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों की आवश्यकता है। जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त होने के बाद कलेक्टर द्वारा विद्यालयों में आवश्यक कार्य हेतु मानदेय के आधार पर 351 भृत्यों के भर्ती की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह प्राथमिक शाला के 243, माध्यमिक ष्शाला के 109 और हाई तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों में व्याख्याताओं के 128 पदो पर मानदेय के आधार पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कलेक्टर श्री वसंत ने नियुक्ति प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन करने और पूर्व में कार्य कर चुके भृत्यों और शिक्षको को प्राथमिकता देते हुए भर्ती प्रक्रिया ष्शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ताकि विद्यार्थियों को विद्यालय में शिक्षक की कमी महसूस न हो और उनका सिलेबस समय पर पूरा होने के साथ ही उन्हें जो शिक्षा मिलनी चाहिए वह मिल सकें। जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत इन शिक्षकों की नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मेरिट लिस्ट के आधार पर होगी। यह नियुक्ति अस्थाई होगी और विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।डीएमएफ से की जा रही भर्ती में अतिथि शिक्षकों को इस सत्र में गत वर्ष की तुलना में बढ़ा हुआ मानदेय दिया जाएगा। इस सत्र में भृत्य को 8500, प्राइमरी स्कूल के अतिथि शिक्षकों को 11 हजार, मिडिल स्कूल के अतिथि शिक्षकों को 13 हजार और हाई-हायर सेकेण्डरी के अतिथि व्याख्याताओं को 15 हजार रूपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। विगत वर्ष भृत्य को 8000, प्राइमरी स्कूल के अतिथि शिक्षकों को 10 हजार, मिडिल स्कूल के अतिथि शिक्षकों को 12 हजार और हाई-हायर सेकेण्डरी के अतिथि व्याख्याताओं को 14 हजार रूपये प्रतिमाह मानदेय दिया गया

# मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए करें सख्त कार्यवाही : डीएम

**कोरबा ।** जिले में अवैध मादक,नशीले पदार्थों की बिक्री और ड्रग तस्करी की रोकथाम के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। नारकोटिक्स को-आर्डिनेशन की बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने जिले में मादक पदार्थों की उपलब्धता, उपयोग,और बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मादक पदार्थों के उपयोग,बिक्री पर रोक लगाने के लिए विभागों के द्वारा लगातार छापामार कार्यवाही की जाए, तथा संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों के आस पास तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों में तंबाकू, सिगरेट सहित अन्य मादक सामग्री किसी भी स्थिति में न बेची जाएं और नशीली वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए राजस्व, पुलिस, नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी आपस में समन्वय कर संयुक्त कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री अजीत कुमार वसंत ने नारकोटिक्स को-आर्डिनेशन की बैठक में में निर्देश दिए कि सभी मेडिकल दुकानों में भीतर और बाहर कम से कम दो सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

कलेक्टर श्री वसंत ने निर्देशित किया कि यदि किसी दुकान में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त होती पाई गई,तो उसका गुमास्ता लाइसेंस निरस्त कर नियमानुसार दुकान को सील कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस संबंध में सख्त कार्यवाही करें।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद्य एवं औषधि विभाग, नगर निगम, पुलिस, समाज कल्याण, शिक्षा, आदिवासी विकास, स्वास्थ्य और आबकारी विभाग मिलकर समन्वित अभियान चलाएं। उन्होंने जिले में शैक्षिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में मादक और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने निर्देश दिए कि जिले में अवैध मादक पदार्थों और नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त पर सतत निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# आयुक्त ने बारिश के बीच किया नीचली बस्तियों का भ्रमण



**कोरबा ।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बारिश के बीच कोरबा शहर की विभिन्न निचली बस्तियों, जलभराव वाले क्षेत्रों का मैराथन दौरा किया, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा के दौरान जल ठहराव की स्थिति पर सजग नजर रखें, सतत मानीटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित कराएं कि नाले नालियों से होने वाले जलप्रवाह पर केई अवरोध पैदा न हों, जहाँ भी जल ठहराव की स्थिति निर्मित होती है, तत्काल जल निकासी कराएं। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र में स्थापित कराए गए शेल्टर केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें एवं आवश्यकता पड़ने पर जलभराव से प्रभावित परिवारों को शेल्टर केन्द्रों में सुरक्षित पहुंचाने की त्रुटिरहित व्यवस्था बनाए रखें।आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने रिमझिम बारिश के बीच अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न निचले क्षेत्रों का दौरा किया, उन्होने चिमनीभट्ठा, अमरैयापारा, रविशंकर नगर, परशुराम नगर, शारदा विहार, मानिकपुर सहित अन्य बस्तियों का भ्रमण करते हुए वहाँ पर स्थित नालों के जल प्रवाह का जायजा लिया। उन्होने जल प्रवाह के अवरोधों को तत्काल दूर करने, नाले-नालियों पर सतत नजर रखनें व जल निकासी निर्वाध बनाए रखने हेतु समस्त आवश्यक कदम त्वरित रूप से उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यहाँ उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा क्षेत्र में मुख्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों हेतु शेल्टर केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें प्रभावित क्षेत्रवार प्राथ.शाला आ.जा.क. सीतामणी, पूर्व मा. शाला सीतमाणी, पूर्व मा.शाला आ.जा.क. मिशन रोड, प्राथ.माध्य.शाला आ.जा.क. रानी गेट के पास, प्राथ.शाला लालघाट, अंबेडकर स्कूल, प्राथ.शाला जोगियाडेरा, कबीर भवन, सुमेधा स्कूल, एस.ई.सी.एल.स्कूल, शास.प्राथ.शाला प्रेमनगर को सेल्टर केन्द्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम को मुख्य सेल्टर केन्द्र के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।

आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि भविष्य में वर्षा ऋतु के दौरान निगम क्षेत्र में कहीं भी जलभराव की स्थितियाँ न रहेंद्य पाण्डेय ने पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन के मानिकपुर, मुड़ापार, अमरैयापारा, कृष्णानगर, रविशंकर नगर आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया, उन्होने वार्डो में पहुंचकर वहाँ पर संलग्न सफाई कामगारों का स्थल पर ही भौतिक सत्यापन कराया। स्पष्ट रूप से कहा कि शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई कार्य में किसी भी प्रकार का कम्प्रोमाईज स्वीकार्य नहीं होगा तथा सफाई कार्यो में कोताही व उदासीनता बरतने वाले सफाई कार्य एजेंसियों एवं निगम के निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों की जवाबदारी तय कर कार्यवाही की जाएगी।

भ्रमण के दौरान पाया कि अनेक स्थलों पर दिन को भी स्ट्रीट लाईट जल रही है, इस पर उन्होने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधितों को फटकार लगाई तथा इसके लिए जो अधिकारी कर्मचारी जिमम्दोर हैं, उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। ।आयुक्त के दौरे के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, किरण साहू, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत आदि के साथ जोन के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# कार के ऊपर बैठा था दुर्लभ सर्प

**कोरबा।** कोरबा का जंगल वन्य जीव-जन्तु के लिए बहुत अनुकूल वातावरण प्रदान करता हैं जिसके कारण यह बेहद ही दुर्लभ जीवों का बसेरा हैं। जहां हाथी, किंग कोबरा, ऊदबिलाव, तेंदुआ, कबर बज्जू, कहट, साही जैसी जीवों का मिलना जिले के अनुकूल जैव विविधता दर्शाता हैं। इसी कड़ी में अति दुर्लभ सर्प बालकों के सेक्टर 4 में देखने को मिला, जहां एक व्यक्ति के घर वो सांप कार के सेड के ऊपर बैठा हुआ था। जानकारी के अनुसार जैसे ही गाड़ी मालिक अपनी कार को लेने पहुंचा तब उसने देखा की एक सर्प बैठा कार के सेड ऊपर बैठा हुआ हैं। जिसके फौरन बाद उन्होंने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम (नोवा नेचर) के जितेंद्र सारथी को दी। जानकारी मिलते ही जितेंद्र सारथी और टीम के सदस्य नागेश सोनी ने कोरबा डीएफओ मयंक अग्रवाल के निर्देशानुसार एडीओ आशीष खेलवार के मार्गदर्शन में बालकों पहुंच कर सुरक्षित तरीके से रेस्क्यु किया। तब जाकर घर वालों ने राहत भरी सांस ली। जितेंद्र सारथी ने बताया यह सर्प इंसानों के लिए खतरनाक नहीं हैं क्यों कि ये हल्का जहरीला हैं। फिर उसे सुरक्षित उसके प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया गया।

जितेंद्र सारथी ने कहा आप हमारी संस्था को केवल रेस्क्यु के लिए ही नहीं बल्कि सर्प दंश होने पर भी सूचना दे सकते हैं, ताकि हमारी संस्था आप के घर रेस्क्यु से लेकर सर्प दंश से पीड़ित व्यक्ति के उपचार के दौरान भी मदद कर सके, हमारी संस्था पूरे कोरबा जिले के साथ राज्य के कई जिलों में काम कर रही है।

# नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक हुई

**कोरब।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्ट्रेट के नवीन सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सिद्वार्थ तिवारी,अपर कलेक्टर,जेल अधीक्षक,लीड बैंक मैनेजर आदि बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर श्री वसंत द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये-डॉक्टर्स , बैंकर्स एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को माननीय न्यायालय के अनुमति से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से साक्ष्य के लिए उपस्थिति होने हेतु निर्देशित किया गया। तत्संबंध में सभी डॉक्टर को सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये।बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं लीड बैंक ऑफिसर को वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए गए ताकि ऑनलाइन पेशी की जा सके।

# कोरबा आने बुक कार को आधे रास्ते रोक कर चालक का किया अपहरण

### जंगल में उतारकर वाहन ले हुए फरार

**कोरबा ।** कोरबा-चांपा मार्ग अंतर्गत उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली के पास चाकू और बंदूक की नोक पर कार चालक का अपहरण कर लूटपाट का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। कथित आरोपियों की सारी करतूत टोल नाके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार चांपा निवासी की स्विफ्ट डिजायर कार को टैक्सी स्टैंड चांपा से चार लोगों ने कोरबा आने बुक कराया। आधे रास्ते में ग्राम बरपाली के पास उल्टी करने के बहाने गाड़ी रुकवाई। इसके बाद चारों लोगों ने कार चालक के गले पर चाकू रख बंदूक की नोक पर उसका अपहरण किया और मोबाइल लूटकर जंगल में चालक को छोड़कर स्विफ्ट डिजायर को लेकर अंबिकापुर की ओर भाग निकले। चालक ने थाने पहुंचकर पूरी आपबीती बताई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कप मच गया है। कथित आरोपियों की सारी करतूत टोल नाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने बताया कि बांगो थाना क्षेत्र के जंगल में गाड़ी से उसे उतारकर चारों कार और मोबाइल को लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# बांकीमोंगरा क्षेत्र में मिली व्यक्ति की रक्तरंजित लाश-पुलिस जांच जारी

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र के बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत विद्युत सब स्टेशन के पास मैदान के किनारे एक युवक की लाश मिली है। शव कि शिनाख्ती अश्वनी पाठक दर्री स्थित धनुहारपारा निवासी के रूप में की गयी हैं। रक्त रंजित लाश मिलने की खबर आम होते ही यहां स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। सूचना उपरांत मौके पर बांकीमोंगरा पुलिस पहुंच चुकी है। फोरेंसिक एक्सपर्ट व डॉग स्क्वॉड को घटना स्थल पर तलब किया गया है। औंधे मुंह पड़े उक्त युवक का शरीर रक्त से सना हुआ है। ऐसा माना जा रहा है

# आरोप सिद्ध होने पर मुख्य आरोपी को दी सश्रम उम्रकैद, दो सह आरोपियों को 5-5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**कोरबा ।** न्यायालय ने दोषसिद्ध पाते हुए थाना पाली के अपराध क्रमांक 385/2022 में मुख्य आरोपी को सश्रम उम्रकैद व दो सह आरोपियों को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है।अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा संजय जायसवाल द्वारा जानकारी दी गयी हैं कि मृतक घटना दिनांक 20 नवम्बर को मुख्य आरोपी की पत्नी से बार-बार मदिरा मांग रहा था जो मुख्य आरोपी द्वारा उसका गला दबाकर हत्या कर दी गयी। दो सह आरोपियों के साथ मिलकर उसके शव को रोड में रखकर एक्सीडेंट का रूप देने के लिए फेंक दिये। ईलाज के दौरान 20 नवम्बर 2022 को उसकी मृत्यु हो गई। उक्त घटना की रिपोर्ट किये जाने पर थाना पाली द्वारा अपराध कमांक 385/2022, धारा 302, 201, 34 भा.द.सं. का मामला दर्ज कर संपूर्ण विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्रीमती मधु तिवारी के द्वारा साक्षियों के साक्ष्य के दौरान आये तथ्यों के आधार पर आरोपीगण को धारा 302, 201, 34 भादवि के अपराध में आजीवन सश्रम करावास एवं 4000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। सह आरोपी को धारा 201, 34 भादवि के अपराध में 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000-2000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने किया एवं अभियोजन अपने विश्वसनीय और संतुष्टिकारक साक्ष्य से प्रकरण को संदेह से परे प्रमाणित करने में सफलता प्राप्त की और अपराधियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कार्यालयों में नहीं होगा प्लास्टिक पानी की बोतल और डिस्पोजल का उपयोग

**कोरबा ।** कोरबा जिला नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत और सभी जोन कार्यालयों में प्लास्टिक पानी की बोतल और प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग नहीं किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। जोन कार्यालय में इसके लिए जोन कमिश्नर जिम्मेदार होंगे। इसी के साथ ही कोई भी कार्यक्रम और आयोजन में भी प्लास्टिक बोतल पर प्रतिबंध लगाया गया है। नगर निगम आयुक्त ने कहा है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने की नसीहत आम लोगों के देने से पहले ही निगम से ही शुरुआत की जा रही है। इससे ही सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। हानिकारक प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग खाद्य पदार्थ और पेयजल में नहीं करने के लिए लोग प्रेरित होंगे। प्लास्टिक डिस्पोजल में गर्म खाद्य पदार्थ रखना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इससे कई तरह की बीमारियां होती हैं। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता और साफ सफाई में यह एक बड़ी बाधा है। लोग प्लास्टिक डिस्पोजल और बोतल को नालियों, सड़कों में डाल देते हैं। यह नष्ट भी नहीं होता। जिसके कारण नालियों में पानी जाम की समस्या होती है। मवेशियों के लिए भी यह प्राणघातक है। डिस्पोजल को मवेशी खा जाते हैं। इससे उन्हें कई तरह की बीमारियां होती है उन्होंने दुकानदारों, होटल, रेस्टोरेंट संचालकों, चाट, ठेला, चाय दुकान में भी लोगों को प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग नहीं करने के लिए कहा है।

# जयसिंह ने रायपुर में ली बैठक

**कोरबा।** कांग्रेस पार्टी के रायट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रायपुर साईंस कॉलेज परिसर में आगामी 7 जुलाई की प्रस्तावित आम सभा को सफल बनाने के लिए पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने रायपुर ग्रामीण अंचल के मोवा क्षेत्र में प्रमुख कांग्रेसियों की बैठक ली। जयसिंह अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित प्रमुख मोर्चा व संगठनों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए सभी को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उल्लेखनीय है पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल को रायपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र क जिम्मेदारी सौंपी गई है, अतएव इसी सिलसिले में वर्तमान समय में वे रायपुर प्रवास पर हैं और राष्ट्रीय अध्यक्ष की आम सभा के सिलसिले में की जा रही अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी के साथ संबंधितों को आवश्यक सुझाव भी दे रहे हैं। किसानों, जवानो और संविधान के मुद्दे पर भाजपा सरकार की असफलता के बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे 7 जुलाई को रायपुर स्थित साईंस कॉलेज ग्राउण्ड में आम सभा को सम्बोधित करेंगे।बैठक में धरसींवा की पूर्व विधायक अनीता योगेन्द्र शर्मा, मनेन्द्रगढ़ के पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी पंकज शर्मा सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआइ, महिला कांग्रेस, सेवादल व अन्य मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. डी.पी. मनहर ने अपनी प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिसमें कोरबा शाखा के पेंशनरों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ कोरबा शाखा के संरक्षक डी.आर. सारथी एवं सचिव आर.के. वर्मा को प्रांतीय संयुक्त सचिव व आर.के. शर्मा को प्रांतीय संगठन सचिव बनाया गया है। इस नियुक्ति से जिला इकाई के पेंशनरों ने हर्ष व्यक्त किया है। पदाधिकारियों से आशा की गई है कि वे अपने दायित्वों का निर्वाह करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे।

# 12 वर्षों के इंतजार के बाद शिक्षकों को प्राचार्य पदोन्नति

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के लिए आज का दिन अत्यंत हर्ष और गौरव का रहा। विगत 12 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति की बाट जोहते शिक्षकों को अंततः वह सुखद समाचार मिला, जिसका वे लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। हाईकोर्ट द्वारा स्टे हटाए जाने के साथ ही प्रदेश भर के शिक्षकों में उल्लास की लहर दौड़ गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर एवं जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2013 के पश्चात राज्य में किसी भी शिक्षक को प्राचार्य के पद पर पदोन्नति नहीं दी गई थी। फलस्वरूप, 10 प्रतिशत से अधिक हाई स्कूल प्राचार्य विहीन हो चुके थे। संस्था प्रमुखों की अनुपस्थिति के कारण न केवल अनुशासन प्रभावित हो रहा था, बल्कि शिक्षण गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। श्री ठाकुर ने बताया कि सैकड़ों शिक्षक जो इस पद के लिए पूर्णतः योग्य एवं पात्र थे, वर्षों तक प्रतीक्षा करते करते या तो सेवानिवृत्त हो गए अथवा दिवंगत हो गए। वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात शिक्षक संघ ने शीघ्र प्राचार्य पदोन्नति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से गंभीर एवं सारगर्भित चर्चा की थी। मुख्यमंत्री ने इस मांग को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए संबंधित विभाग को आदेश जारी करने निर्देशित किया। इसका प्रत्यक्ष परिणाम यह रहा कि 30 अप्रैल 2024 को लगभग 3000 शिक्षकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया। हालांकि कुछ शिक्षकों द्वारा न्यायालय में याचिका दायर किए जाने से यह प्रक्रिया अस्थायी रूप से रुक गई थी। शासन द्वारा न्यायालय में ठोस पक्ष रखने के पश्चात स्टे हट गया और वर्षों पुरानी मांग अंततः पूरी हो गई।

संघ ने यह भी आग्रह किया है कि प्राचार्य पदस्थापना में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाए, जिससे लेन-देन और भ्रष्टाचार जैसी आशंकाओं पर रोक लगाई जा सके। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, शिक्षा संचालक एवं शासन का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में हरिराम जायसवाल, धन्य कुमार पाण्डेय, विजय थवाईत, राजेन्द्र जायसवाल, डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, लोमस श्रीवास, नारायण प्रसाद सूर्यवंशी आदि सम्मिलित हैं।

# 19 लाख रुपए गबन, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

**जांजगीर-सक्ती।** लाख रुपए गबन के आरोप में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। जांच में सही पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक प्रक्षेत्र रगजा को शासकीय धन राशि गबन किए जाने के आरोप के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक पुनीशंकर केंवट प्रक्षेत्र रगजा (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) जिला सक्ती के विरूद्ध कार्यालय आयुक्त बिलासपुर संभाग



बिलासपुर %के द्वारा शासकीय कृषि बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र रगजा में शासकीय धन राशि गबन किए जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत के जांच के लिए दल गठित कर जांच कराया गया। जांच दल के प्रतिवेदन के अनुसार तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक पुनीशंकर केंवट प्रक्षेत्र रगजा द्वारा 12 लाख 67 हजार 518 रुपए का हेराफेरी करशासकीय राशि का दुरूपयोग किए जाने एवं 6 हजार हेक्टेयर पड़त भूमि छोड़ने वाले नुकसान की उत्पादन औसत राशि 6 लाख 33 हजार 473 रुपए सहित कुल 19 लाख 991 रुपए का गबन किए जाने के आरोप में 26 जून को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक पुनीशंकर केंवट द्वारा प्रस्तुत जवाब का अवलोकन किया गया। जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया। इसलिए पुनीशंकर केंवट प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक प्रक्षेत्र रगजा (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता का देय होगा। निलंबन अवधि में इनके मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी सक्ती नियत किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया गया है।

## ज्ञानदीप स्कूल में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई गई

**जांजगीर।** ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में स्वामी विवेकानंद जी के पुण्यतिथि दिवस पर विशेष कार्यक्रम रखा गया।



मुख्य अतिथि एल.एस.गौतम विशेष अतिथि श्रीमती योग माया तिवारी मैडम, सतीश साहू एवं ज्ञानदीप स्कूल के समस्त स्टाफ रहे। यह कार्यक्रम ज्ञानदीप स्कूल के प्राचार्य डॉ.अखिलेश कटकवार के दिशा निर्देशन में संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में शाला एन एस एस के सभी छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रंजीत डहरिया (रासेयो) कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के चलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि एल.एस. गौतम द्वारा आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर्यंत को विस्तार पूर्वक छात्रों को बताया। श्रीमती योग माया तिवारी एवं सतीश साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, उद्देश्य एवं इतिहास के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे स्वामी विवेकानंद जी को अध्यात्म की ज्ञान हुई तथा क्यों उनको महान आत्मा,अमर आत्मा एवं संत कहा गया। स्वामी जी का विश्वास था कि प्रत्येक आत्मा में ईश्वरीय शक्ति निहित है और इस शक्ति को जागृत करना ही मानव जीवन का उद्देश्य है । उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्त न हो । यह उनका वह मंत्र है जो हमें आत्मविश्वास और कर्मठता की ओर प्रेरित करता है । उनकी नजर में धर्म का सार सेवा और प्रेम में निहित है। उन्होंने कहा था जो तुम्हें कमजोर बनाए वह धर्म नहीं, जो तुम्हें शक्ति दे वही धर्म है। उनका जीवन एक तपस्वी और एक कर्म योगी का अनुपम संगम था । अंत में कार्यक्रम अधिकारी रंजीत डहरिया द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

# बलौदा की पहाड़ियों पर स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच निर्माण से हरियाली और जल संरक्षण की ओर बढ़ते कदम

### मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत हेडसपुर के गोसाई पहाड़ में किया जा रहा निर्माण कार्य

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिले में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जा रहा है।



इसी क्रम में बलौदा विकासखंड की ग्राम पंचायत हेडसपुर के गोसाई पहाड़ में स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस कार्य के लिए 6 लाख 46 हजार 973 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे कुल 2,050 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया जा रहा है। कंटूर ट्रेंच एक प्रकार की जल संरक्षण तकनीक है, जिसमें ढलानदार भूमि पर वर्षा जल को बहने से रोकने के लिए समान ऊँचाई (कंटूर) पर खाइयाँ बनाई जाती हैं। जब बारिश होती है, तो पानी इन खाइयों में रुक जाता है, धीरे-धीरे जमीन में समा जाता है और भूजल स्तर में वृद्धि करता है। इसके निर्माण होने से भूमि कटाव को रोका जा सकता है, नमी संरक्षित रहती है, और आसपास हरियाली बढ़ती है। विशेष रूप से स्टेगर्ड ट्रेंच का मतलब है कि ये खाइयाँ ज़िगज़ैग तरीके से दूरी बनाए रखते हुए बनाई जाती हैं, जिससे पानी का प्रवाह और अवशोषण अधिक प्रभावी होता है। यह कार्य मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है। प्रत्येक गांव में जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल आत्मनिर्भरता। स्थानीय मनरेगा श्रमिकों के माध्यम से यह निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को रोजगार भी प्राप्त हो रहा है। यह पहल सिर्फ रोजगार सृजन नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरणीय संतुलन और सतत विकास की दिशा में भी एक अहम कदम है।

# प्रेशर हार्न, साइलेंसर वाले 8 चालकों से वसूला जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** बुलेट वाहन में प्रेशर हार्न, मोडिफाई साइलेंसर लगाकर एवं नो एंट्री में भारी वाहन चलाने वालो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी के तहत 8 वाहन चालकों से जुर्माना वसूल किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना पामगढ़ क्षेत्र के सहसा मोड में 2 ट्रक चालक के द्वारा नो एंट्री में वाहन चलाने पाए जाने पर 25-25 सौ रुपए व 1 ट्रक चालक के द्वारा परमिट शर्तों का उलंघन करने वाले ट्रक चालक से 5 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया। नो एंट्री में भारी वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी, तेज गति में वाहन चलाना, बिना हेलमेट मोटर सायकल चलाना, बिना सीट बेल्ट के चारपहिया वाहन चलाना एवं यातायात नियमों का उलंघन करने पाए जाने पर 78 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। उच्च न्यायालय के निर्देशन पर यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं व ध्वनि प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुए जिसकी रोकथाम के लिए प्रेशर हॉर्न व मोडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।



# म्यूल अकाउंट के सहारे कई राज्यों में लोगों से 31 लाख की धोखाधड़ी



**शिवरीनारायण।** भारत सरकार द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न म्यूल एकाउंट धारको (म्यूल अकाउंट वह खाता है जिसको किराया में लेकर सायबर ठगी के मुख्य आरोपियों के द्वारा पैसा प्राप्त करने के लिए किया जाता है) के विरूद्ध रेज सायबर सेल जांजगीर से लेयर-1 म्यूल अकाउंट एवं उनसे जुडे मोचाईल नंबर धारकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है जिसके पालन में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारासंचालित भारतीय साईबर अपराचे समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल पर जो पुलिस के लिए अनुसंधान प्रयोजन में सायबर अपराध की जानकारी साझा करने हेतु प्रशस्त मार्गदर्शक में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने उपयोग करने व संर्वधन करने के लिए उपयोग में लाया गया है संबंधित जानकारी समन्वय पोर्टल से एकत्रित की गई उक्त खातों में देश के अलग-अलग राज्यों में हुए सायबर फाड का रकम आता है।

म्यूल एकाउंट के संबंध में एक्सीस बैंक शिवरीनारायण के शाखा में कुल 16 बैंक एकाउंट में सायबर ठगी से प्राप्त धनराशि 31 लाख 49 हजार 312 रुपये का जमा होना पाया गया है। सायबर घोखाधडी से प्राप्त धनराशि का उपयोग बैंक खाता धारकों/संवर्धक के द्वारा किया गया है।

6 खाता धारक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो भोला राम निवाशी किकिरदा के द्वारा बताया गया कि वह लखन लाल सुल्तान निवासी सारसडोल जिला सक्ति के कहने पर कमीशन के आधार पर अपना खाता दिया था लखन लाल सुल्तान से पूछताछ पर बताया कि वह एजेंट के रूप में काम कर रहा था। लखन लाल सुल्तान का काम खाता संग्रह कर देना रहता था जिसके एवज में 12 से 15 हजार रुपए हर खाता के पीछे मिल रहा था लखन लाल सुल्तान के द्वारा लगभग 10-15 लोगों का खाता गांधी शान्डे को दिया था। वर्तमान में गांधी शान्डे रायगढ़ जेल में सायबर ठगी में मामले में बंद है।

उपरोक्त गिरफ्तार 6 आरोपियों के खाता का अवलोकन किया गया जो कई राज्यों के व्यक्तियों के द्वारा सायबर ठगी का रिपोर्ट करना पाया गया जो लाखों रुपए का सायबर ठगी का पैसा उक्त खाता में जमा होना पाया गया है, उक्त खाता को होल्ड लगा दिया गया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवरीनारायण भास्कर शर्मा, निरीक्षक सागर पाठक साइबर सेल प्रभारी, साइबर टीम सउनि विवेक सिंह, प्र.आर. मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, आर. सहबाज खान, गिरीस कश्यप, प्रदीप दुबे, माखन साहू का सराहनीय योगदान रहा।



## मवेशी तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** मवेशी तस्करी करने वाला थाना शिवरीनारायण पुलिस के हत्थे चढ़ा। आरोपी के कब्जे से 7 नग गाय-बैल एवं परिवहन में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन को बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार थाना शिवरीनारायण पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि थाना शिवरीनारायण क्षेत्रांतर्गत ग्राम केरा रोड की ओर से एक छोटा हाथी वाहन सीजी 12 ए एक्स 3920 से गाय बैल को ठूंस-ठूंसकर भरकर तस्करी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस द्वारा दबिश दी गई। दुरपा मोड़ के पास रुकवाया गया। वाहन की चेकिंग की गई। देखने पर गाड़ी में 7 नग गाय बैल और बछड़े भरा हुआ था। उनके शरीर में चोट के निशान थे। जिससे खून निकल रहा था। पूछताछ करने पर वाहन चालक अपना नाम संजय जांगड़े निवासी केरा का रहने वाला बताया। जो केरा से बिलाईगढ टुण्ड्री की ओर तस्करी कर लेकर जा रहा था। मवेशियों को बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा



**जांजगीर-चांपा ।** नाबालिग से अनाचार करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो ने 20 साल कठिन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन के अनुसार 30 मार्च 2022 को प्रार्थिया की पुत्री पीड़िता परीक्षा दिलाने के लिए स्कूल जाने के लिए निकली थी। परंतु वह स्कूल से पास नहीं आई। आसपास में व रिश्तेदारी में पता करने के बाद कोई पता नहीं चलने पर पीड़िता की मां ने बलौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान पीड़िता को आरोपी राकेश रात्रे के कब्जे से बरामद कर महिला विवेचक से उसका बयान दर्ज कराया गया, - जिसमें पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे बहला-फुसलाकर रायपुर ले गया था और उस दौरान उसने पीड़िता के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद प्रकरण में अन्य अपराध जोड़ा गया। पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन ने तर्क दिया कि जिस प्रकार से आरोपी द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर रायपुर ले जाकर अनाचार किया गया है। दंडनीय अपराध है। आरोपी को कठोर से कठोर से दंड दिया जाए। जिस पर अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो अनिल कुमार बारा ने बलौदा थाना अंतर्गत गांव बिरगहनी निवासी राकेश पिता इतवारी रात्रे (18) को धारा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के अपराध के लिए 20 साल कठिन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) चंद्रप्रताप सिंह ने पैरवी की।

## ऑनलाइन लूडो गेम की आड़ में सट्टा खेलवाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर के सरकंडा क्षेत्र में पुलिस ने ऑनलाइन गेम लूडो किंग की आड़ में सट्टा खिलाने वाले मध्यप्रदेश के चार युवकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लोगों से सट्टा लगवाते थे और बदले में 20त्न का कमीशन लेते थे।पुलिस को स्वर्णिम ऐरा कॉलोनी के एक मकान में लूडो गेम के जरिए सट्टा खिलाने की सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मकान नंबर 152 पर छापा मारा, जहां से राहुल छाबड़ा, सुमित चांदवानी, ओम प्रकाश नागवानी और मोहित बर्मन नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 से 4 हेतु दिनांक 16.07.2025 तक एवं सरल क्र.5 से 10 हेतु दिनांक 22.07.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 144 | जिला खनिज न्यास मद में स्वीकृत जिला खेल परिसर बिलासपुर में wooden flooring एवं Articstic Paint कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र.-2 बिलासपुर। मद संख्या-8443** | 22.31 |
| 2 | 145 | लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा अंतर्गत विभिन्न सड़क/पुल-पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा। मद संख्या-24-3054-4090** | 50.00 |
| 3 | 146 | सारंगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। सारंगढ़ संभाग, सारंगढ़। मद संख्या 24-3054-0134** | 60.00 |
| 4 | 147 | बिलाईगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। सारंगढ़ संभाग, सारंगढ़। मद संख्या - 24-3054-0134** | 40.00 |
| 5 | 148 | उपसंभाग क्र.-2 बिलासपुर के शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। **प्रथम आमंत्रण संभाग क्र.-1 बिलासपुर। मद संख्या- 67-2216-4095** | 50.00 |
| 6 | 149 | शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर में रैम्प निर्माण, केंटिन, मृदा लैब, कांक्रीट लैब, ट्रांसपोर्ट लैब रिडिंग रूम का मरम्मत कार्य एवं पेन्ट्री और वाशरूम का निर्माण, कॉलेज परिसर बिलासा कन्या छात्रावास एवं अरपा कन्या छात्रावास में विभिन्न मरम्मत एवं शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र के शेड क्र.-1 एवं 3 का मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-1 बिलासपुर। मद संख्या - 8443** | 56.83 |
| 7 | 150 | जिला परिवहन कार्यालय जांजगीर-चांपा परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य लं. 450 मी.। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग, चांपा। मद संख्या - 67-4059-5600** | 28.92 |
| 8 | 151 | नवीन व्यवहार न्यायालय भवन, खरसिया जिला रायगढ़ में रैम्प निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या - 67-4059-2450** | 23.35 |
| 9 | 152 | उपसंभाग बिलाईगढ़ के अंतर्गत आने वाले आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत का कर्य। **प्रथम आमंत्रण। सारंगढ़ संभाग, सारंगढ़। मद संख्या - 67-2216-4095** | 20.00 |
| 10 | 153 | उपसंभाग सारंगढ़ अतर्गत आवासीय गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एव लघुमूल गौण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। सारंगढ़ संभाग, सारंगढ़। मद संख्या - 67-2216-4095** | 30.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

**जी-252601994/6**


# डिजिटल फसल सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 जिला स्तरीय सर्वेक्षण दल का प्रशिक्षण आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे (खरीफ फसल प्रविष्टि) के लिए आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सर्वेक्षण दल का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री विनय पटेल, सर्व तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में फसलों का सर्वेयरों के माध्यम से प्रविष्टि, डिजिटल फसल सर्वेक्षणकर्ता का चयन, डिजिटल फसल सर्वेक्षणकर्ता का प्रशिक्षण, सर्वेक्षणकर्ता का चयन पटवारी के माध्यम से तहसीलदारों के द्वारा किया जाना तथा सुपरवाइजर (पटवारी) अनुवकर्ता, राजस्व निरीक्षण सत्यापनकर्ता एवं तहसीलदार निरीक्षण



कर्ता सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने प्रशिक्षण में कहा कि सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों को सर्वेक्षण के कार्यों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही मौके पर जाकर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों को जिले में फसल सर्वेक्षण शत प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही प्रशिक्षण में बताया गया कि सर्वेक्षण कर्ता की योग्यता - प्रत्येक सर्वेक्षणकर्ता (महिला/पुरुष) को न्युन्तम 10 वी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्राथमिकता का कम कमशः कृषि स्नातक विज्ञान से 12वी पास. 12 वी पास, 10 वी पास होगा, उसके पास स्वयं का एण्ड्रायड का मोबाईल वर्जन 9. जिसमें इंटरनेट होना आवश्यक है, सर्वेक्षणकर्ता का बैंक खाता एवं आधार नंबर होना आवश्यक है, सर्वेक्षणकर्ता सर्वेक्षण के दौरान ग्राम में आवश्यक रूप से उपलब्ध हो, सर्वेक्षणकर्ता ग्राम का निवासी हो। ग्राम के निवासी समुचित संख्या में उपलब्ध नहीं होने पर तहसीलदार द्वारा निकटवर्ती ग्राम के निवासी अथवा कृषि विज्ञान केन्द्र कृषि महाविद्यालय या उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थी को चयनित किया जा सकेगा, सर्वेक्षणकर्ता की आयु 18 वर्ष से उपर हो तथा सर्वेक्षणकर्ता को प्रत्येक सर्वे के लिए एप्प के माध्यम से ही सर्वेक्षण एवं अपलोड करने तथा स्वीकृति हो जाने की दशा में 10 रूपये प्रति खसरा मानदेय आधार संबंद्ध बैंक खातों के माध्यम से प्रदान किया जावेगा।

## अनमोल वचन......

खोने के बाद ही ख्याल आता है,कितना कीमती था समय, इंसान, और संबंध

# पाकिस्तान की चाल फिर विफल

*शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर बेनकाब करते हुए भारत पर ही आरोप मढ़ने की उसकी चाल को विफल कर डाला। आतंकवाद के खिलाफ अपने कड़े रुख पर कायम रहते हुए भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने और सीमा पार से होने वाले पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के प्रति भारत कीचिंताओं को अनदेखा करने पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।*

*एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथसिह ने पहलगाम आतंकी हमले को वक्तव्य में शामिल करने की मांग की, जबकि पाकिस्तानी पक्ष ने बलूचिस्तान में चरमपंथी गतिविधियों पर टिप्पणी डलवाने पर जोर दिया, जो साफ-साफ भारत पर आरोप मढ़ने का प्रयास था। पाकिस्तान की इस हरकत के कारण सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य के बिना ही समाप्त हो गया। वक्तव्य के मसौदे में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र ही नहीं था और न ही सीमा पार से होने वाले आतंकवाद पर भारत के रुख को दर्शाया गया था। ये सारी चालें सम्मेलन के अत्यंत महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर भारत के रुख को कमजोर करने के लिए चली जा रही थी, मामले को भांपते ही रक्षामंत्री ने पाक के धुर्रे उड़ा दिए।*

*राजनाथ ने आतंकवाद का प्रायोजक ठहराते हुए जवाबदेह ठहराने की अपील की। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड रखने वालों के खिलाफ एससीओ को भी भारत जैसी कड़ी नीति अपनानी चाहिए। अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का वक्त आ गया है।*

*आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और अपने संकीर्ण और निहित उद्देश्यों के लिए इसका इस्तेमाल करने वालों को परिणाम भुगतने ही होंगे। ऑपरेशन सिंदूर इसकी शुरुआत थी जिसके तहत भारत ने आतंकवाद से बचाव तथा सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। आपरेशन से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति उसकी कार्रवाइयों के माध्यम से प्रदर्शित हुई है। भारत के इन प्रयासों को एससीओ के सदस्य देशों से निसंकोच भरपूर सहयोग और समर्थन मिलना ही चाहिए। दुनिया के इस भूभाग में इसी से शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा तथा संगठन का उद्देश्य सार्थक हो सकेगा।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको किसी विशेष व्यक्ति से धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज महिलाओं को खुद के लिए समय मिलेगा, जिससे वो अपनी संगी-साथियों के साथ इंजॉय करेंगी। विद्यार्थियों के लिए आज अच्छा दिन है, उनको आज किसी टेस्ट में अच्छे अंक प्राप्त होंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। आज आपके वो सारे काम बनेंगे जिनके लिए आप इतने दिनों से मेहनत कर रहे थे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा, माता - पिता के आशीर्वाद से सब ठीक होगा। वकीलों के लिए आज अच्छा दिन है, किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सानिध्य में आप अच्छी प्रैक्टिस करेंगें।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन परिश्रम की अधिकता बनी रहेगी। किसी जरुरी विषय के ऊपर आज आप जीवनसाथी के साथ चर्चा कर सकते है। आज आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। छात्रों को आज अपने सहपाठी का सहयोग मिलेगा, जिससे उनका छूटा हुआ काम पूरा हो जायेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जो लोग घर से दूर रहते है, उनको आज घर जाने का मौका मिलेगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें, कुछ बातों को आज आप गुप्त रखें आपके लिए अच्छा रहेगा। अविवाहित व्यक्तियों को आज अच्छे रिश्ते का प्रस्ताव मिल सकता है, जल्द ही घर में मांगलिक कार्य होंगें।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से धन लाभ होगा, भौतिक सुख की अधिकता बनी रहेगी। शादीशुदा रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, बच्चों के साथ आज आप बढ़िया टाइम स्पेंड करेंगें। आज आपके घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे परिवार में चहल - पहल बनी रहेगी। राजनीति से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज कुछ उतार - चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होने वाला है। आज आप अपने व्यापार को एक नये आयाम तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगें। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा। रोजगार की तलाश में भटक रहे व्यक्तियों को आज किसी अच्छी कम्पनी से ऑफर मिल सकता है।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप दोस्तों के साथ पार्टी करेंगें, घूमने भी जा सकते हैं। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने का विचार कर सकते है, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। महिलाओं के लिए आज का दिन खास है, आज आप लोग अपने गृहकार्य से निवृत्त होकर कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगी।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ होगा, आपका परिवारिक जीवन खुशनुमा बना रहेगा। विद्यार्थियों को आज शिक्षकों का सहयोग मिलेगा, जिससे वो अपनी पढ़ाई को और अच्छे से कर पाएंगें। आज किसी बात को लेकर जीवनसाथी के साथ डिस्कस हो सकता है। आज बच्चे आपके काम में हाथ बटाएंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन मिला - जुला रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टि से बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन खर्च की अधिकता रहेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे, रिश्ते में नयापन आएगा। लंबे समय से चल रही किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा, जिससे मन का बोझ हल्का होगा। आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, खान - पान को लेकर कोताही न बरतें।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको अधिकतर कार्यो में सफलता मिलेगी, जिससे मन में प्रसन्नता आएगी। आज आप घर के लिए भौतिक चीजों की खरीददारी करने मार्केट जायेंगें। जीवनसाथी के साथ आज आप सुकून के पल बितायेंगें, जो आपको खुशी प्रदान करेंगें। पारिवारिक रिश्तों में खुशियां आएंगी, आप फैमली टूर प्लान कर सकते है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप दिनचर्या से जुड़े सारे काम समय रहतें निपटा लेंगे, जिससे आप बाकी के काम कर पाएंगे। शादीशुदा रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा, बच्चे आज आपको तंग नहीं करेंगे। कला जगत में संगीत से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। सोने -चांदी के व्यापार में अचानक धन लाभ होगा, भौतिक सुख में बढ़ोत्तरी होगी। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, आज आप दोस्तों के साथ टूर पर जा सकते है। छात्रों को आज उनके सीनियर के मार्गदर्शन में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा।

# कर्नाटक में कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ वाली गलती दोहरा रही है

//नीरज कुमार दुबे //

**हम आपको याद दिला दें कि राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट का विवाद कांग्रेस के लिए दीर्घकालिक सिरदर्द बना रहा था। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के बीच सत्ता-साझेदारी को लेकर विवाद लगातार सामने आता रहा था। कर्नाटक में कांग्रेस ने 2023 के विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी। यह जीत केवल भाजपा को सत्ता से हटाने तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके साथ ही कांग्रेस ने यह संदेश भी दिया था कि यदि पार्टी एकजुट और ठोस नेतृत्व के साथ मैदान में उतरे तो वह भाजपा को घेर सकती है। लेकिन अब, कर्नाटक में कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान और लगातार सार्वजनिक रूप से सामने आने वाले मतभेदों ने सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या कांग्रेस यहां पर वही गलती दोहरा रही है जो उसने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में की थी।**



हम आपको याद दिला दें कि राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट का विवाद कांग्रेस के लिए दीर्घकालिक सिरदर्द बना रहा था। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के बीच सत्ता-साझेदारी को लेकर विवाद लगातार सामने आता रहा था। ऐसा ही वाकया मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया और कमलनाथ के बीच देखने को मिला था। ज्योतिरादित्य भाजपा में चले गये थे जिससे कमलनाथ की सरकार बीच में ही गिर गयी थी। तीनों ही राज्यों में मतभेद पार्टी मंच के बजाय मीडिया में उछलते रहे, जिससे भाजपा को सत्ता में आने का मौका मिल गया। इसी तरह कर्नाटक में भी देखने को मिल रहा है कि आलाकमान द्वारा समय रहते निर्णायक कदम नहीं उठाने के कारण टकराव बढ़ते जा रहे हैं।

हम आपको याद दिला दें कि कर्नाटक में कांग्रेस की जोरदार जीत के बाद से ही यह स्पष्ट था कि सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। समझौते के तहत सिद्धारमैया को 5 साल के लिए मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन शिवकुमार खेमा इसे अंदर ही अंदर चुनौती दे रहा है। कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार की बात हो चाहे प्रशासनिक निर्णयों की बात हो या फिर रणनीतिक घोषणाओं की बात हो, सभी मामलों में दोनों नेताओं के बीच मतभेद लगातार उजागर होते रहते हैं। इसके अलावा, कांग्रेस के विधायक और मंत्री भी खुलेआम एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाज़ी कर रहे हैं। डीके शिवकुमार के समर्थक अक्सर उन्हें भावी मुख्यमंत्री कहकर प्रचारित करते हैं जो सिद्धारमैया समर्थकों को असहज करता है और इसके चलते दोनों ओर से बयानबाजी शुरू हो जाती है।हम आपको बता दें कि देश में सिर्फ तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है और देखने में आ रहा है कि तीनों जगह पार्टी में कलह है। कर्नाटक के साथ ही हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में भी कांग्रेस नेता आपस में भिड़े हुए हैं लेकिन कर्नाटक की कलह कुछ ज्यादा ही उजागर हो रही है। यही नहीं, कर्नाटक के विवाद को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा हाईकमान पर टालना दर्शाता है कि उनके हाथ में कुछ नहीं है और सब कुछ ऊपर से ही मैनेज हो रहा है, तभी इस प्रकार का टकराव बना हुआ है। देखा जाये तो कांग्रेस इस समय देश में मुख्य विपक्षी पार्टी है इसलिए सवाल उठता है कि जब वह अपना घर ही नहीं संभाल पा रही तो देश में मजबूत विपक्ष की भूमिका कैसे निभा पायेगी। कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों को भी एकजुट रख पाने में विफल रही है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि केरल और हरियाणा में पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सरकार में आना तय माना जा रहा था लेकिन अपने ही नेताओं के आपसी झगड़ों की बदौलत पार्टी सत्ता से बहुत दूर रह गयी थी। इससे साबित होता है कि कांग्रेस को हमेशा अपनों ने ही लूटा है लेकिन फिर भी पार्टी गलतियों से सीख लेने को तैयार नहीं है।

उधर, कर्नाटक में कांग्रेस के दोनों धुरंधर नेताओं के समीकरणों पर गौर करें तो आपको बता दें कि अत्यंत पिछड़े कुरबा समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बड़े जनाधार वाले नेता हैं। वह सोशल इंजीनियरिंग के मास्टर हैं और उन्हें पता है कि चुनावों में भाजपा के जातिगत समीकरणों को कैसे बिगाड़ना है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार आर्थिक-सामाजिक रूप से संपन्न वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं। वह पुराने कांग्रेसी हैं, गांधी परिवार के विश्वस्त हैं और धनबल, बाहुबल के खिलाड़ी हैं। कई विधायक भी उनके साथ हैं लेकिन हाईकमान हर बार सिद्धारमैया के सिर पर हाथ रख देता है इसलिए उन्होंने हाल ही में कहा भी है कि मेरे पास समर्थन करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। कर्नाटक में एक बात और देखने को मिल रही है कि यहां कांग्रेस की गलतियों की वजह से मामला पेचीदा होता जा रहा है।

दरअसल असंतुष्टों पर ना तो कांग्रेस कोई कार्रवाई कर रही है ना ही उन्हें राजनीतिक रूप से कहीं समायोजित कर रही है। ऐसे में विधायकों का धैर्य जवाब दे रहा है। कर्नाटक में स्थिति यह है कि सत्तारुढ़ दल का हर विधायक मुख्यमंत्री बनना चाहता है इसलिए भी पार्टी के लिए हालात को संभालना मुश्किल होता जा रहा है। इसके अलावा, कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटी योजनाएं चुनाव जिताने में तो सहायक रहीं, लेकिन अब उनके क्रियान्वयन में वित्तीय संकट और प्रशासनिक गड़बड़ियाँ भी सामने आ रही हैं। सत्तारुढ़ दल के विधायक ही कह रहे हैं कि हमें हमारे क्षेत्र के विकास के लिए फंड नहीं मिल रहा। इस सब स्थिति के बीच भाजपा चुपचाप कर्नाटक में खुद को मजबूत करने और सामाजिक समीकरणों को सहेजने में लगी है ताकि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अपना प्रदर्शन सुधारा जा सके। बहरहाल, कर्नाटक की राजनीति में अक्सर नये नाटक होते रहते हैं इसलिए देखना होगा कि फिलहाल विधायकों से बातचीत के बाद कांग्रेस ने राज्य में ऑल इज वेल का जो दावा किया है वह स्थिति कब तक बनी रहती है।

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं।**



भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, 'स्वर्ण कलश' प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है।

दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक 'धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून' लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।

1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक 'दलाई लामा' घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे। यह एक राजनीतिक कठपुतली खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।

धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी 'नकली' दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए। अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे। तिब्बत में इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तब से दलाई लामा ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला को अपना घर बना लिया, जिससे बीजिंग नाराज हो गया और वहां उनकी उपस्थिति चीन और भारत के बीच विवाद का विषय बनी रही। भारत में बसे तिब्बती शरणार्थियों को शिक्षा, रोज़गार और यात्रा से संबंधित नागरिक अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाकर भारत उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर सकता है। भारत में इस वक्त करीब 1 लाख से ज्यादा तिब्बती बौद्ध रहते हैं, जिन्हें पूरे देश में पढ़ाई और काम की स्वतंत्रता है। दलाई लामा को भारत में भी काफी सम्मान दिया जाता है। दलाई लामा के उत्तराधिकारी का प्रश्न केवल एक व्यक्ति के चयन का विषय नहीं, बल्कि यह बौद्ध संस्कृति, तिब्बती आत्मनिर्णय और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का सवाल है। चीन की तानाशाही मानसिकता इसे नियंत्रित करना चाहती है, जबकि भारत को इसकी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है। भारत को इस धर्म-राजनीति के संघर्ष में विवेकपूर्ण, दृढ़, निर्णायक और न्यायोचित भूमिका निभाते हुए न केवल तिब्बती जनता का, बल्कि विश्व भर के धार्मिक अधिकारों का भी संरक्षक बनना चाहिए। यही भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की नीति की सच्ची अभिव्यक्ति होगी।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में गौरीकुंड के पास भूस्खलन के बाद एनडीआरएफ बचाव दल ने एसडीआरएफ और डीडीआरएफ टीमों के साथ संयुक्त खोज और बचाव अभियान चलाया, रस्सियाँ लगाकर मार्ग को अस्थायी रूप से खोल दिया और 2,167 तीर्थयात्रियों (1,685 पुरुष और 482 महिलाएँ) को सुरक्षित बाहर निकाला।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुणे में श्रीमंत थोरले बाजीराव पेशवे की प्रतिमा के अनावरण के दौरान संबोधित किया, जबकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुणे में श्रीमंत थोरल बाजीराव पेशवे के दौरान बाजीराव पेशवा की प्रतिमा का अनावरण किया, इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार उपस्थित रहे।



मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, सेना और सीएपीएफ द्वारा इंफाल के कई जिलों में संयुक्त तलाशी अभियान के बाद बरामद हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और अन्य युद्ध संबंधी सामान को प्रदर्शन के लिए रखा गया।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू देहरादून में नागरिक उड्डयन पर उत्तरी क्षेत्र के मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान।



केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ, झारखंड के रांची में महिला एवं बाल विकास के लिए सावित्री बाई फुले क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन करती हुई।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में जीवाजी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप वितरण कार्यक्रम के दौरान एक छात्र के साथ सेल्फी लेते हुए।

# ऑपरेशन सिंदूर स्वराज की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता का बेहतरीन उदाहरणः अमित शाह

**नईदिल्ली, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत के सशस्त्र बल और नेतृत्व स्वराज या देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह बहुत अच्छे ढंग से प्रदर्शित हुआ। पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में मराठा राजनेता और जनरल पेशवा बाजीराव प्रथम की घुड़सवार प्रतिमा के अनावरण के बाद बोलते हुए, भाजपा नेता ने यह भी कहा कि जब भी वह नकारात्मक विचारों से ग्रस्त होते हैं, तो उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज और बाजीराव की याद आती है।

शाह ने कहा कि एनडीए बाजीराव के स्मारक के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है क्योंकि यह एक ऐसा संस्थान है जहां सैन्य नेतृत्व को प्रशिक्षित किया जाता है। शाह ने कहा कि पुणे की धरती स्वराज के संस्कार का उद्गम स्थान है। 17वीं शताब्दी में यहीं से स्वराज का आलेख देशभर में पहुंचा। जब अंग्रेजों के सामने फिर से स्वराज के लिए लड़ने का समय आया तो सबसे पहले सिंह गर्जना तिलक महाराज ने की स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है। एक व्यक्ति अपने जीवन में अपने देश के लिए कितना कर सकता है, इसका उदाहरण भी महाराष्ट्र की पुण्यभूमि से ही वीर सावरकर जी ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं के प्रमुख जहाँ से अभ्यास करके निकलते हैं, उस नेशनल डिफेंस अकादमी में श्रीमंत बाजीराव की मूर्ति लगने से जो प्रेरणा मिलेगी, उससे भारत की सीमाओं को कोई छू नहीं पाएगा। शाह ने कहा कि युद्ध की कला के कुछ नियम कभी कालबाह्य नहीं होते...युद्ध में व्यूह रचना का महत्त्व, त्वरा का महत्त्व, समर्पण का भाव, देशभक्ति का भाव और बलिदान का भाव...यही सेनाओं को विजय दिलाते हैं, बस हथियार बदलते रहते हैं...और इन सभी गुणों का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण 500 वर्षों के भारतीय इतिहास में केवल श्रीमंत बाजीराव पेशवा में ही मिलता है। अमित शाह ने कहा कि जब पूरा दक्षिण भारत आदिलशाही, कुतुबशाही, निजामशाही और इमादशाही से पीड़ित था और उत्तर भारत मुगलों के अधीन था... ऐसे समय में एक 12 साल के बालक ने देश को स्वतंत्र कराने और हिन्दवी स्वराज की स्थापना का संकल्प लिया... शिवाजी महाराज जी की यह वीरता अकल्पनीय है।



उन्होंने युवाओं के मन में स्वराज के संस्कार भरने का काम किया। शिवाजी महाराज जी के बाद धर्मवीर संभाजी महाराज, वीर ताराबाई, धनोजी-संतोजी – कई सारे लोगों ने शिवाजी महाराज की परंपरा को आगे बढ़ाया शाह ने कहा, ''जब भी मेरे मन में नकारात्मक विचार आते हैं, तो मैं आमतौर पर बाल शिवाजी और पेशवा बाजीराव के बारे में सोचता हूं कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच 'स्वराज' स्थापित करने में सक्षम रहे।'' शाह ने कहा कि स्वराज की रक्षा करने की जिम्मेदारी अब 140 करोड़ भारतीयों पर है। उन्होंने कहा, ''जब स्वराज की स्थापना के लिए लड़ाई लड़ने का समय आया तो हमने ऐसा किया। जब स्वराज की रक्षा के लिए लड़ाई की आवश्यकता होगी तो हमारी सेना एवं नेतृत्व निश्चित रूप से ऐसा करेंगे और ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे अच्छा उदाहरण था।''

## प्रवीण नेट्टारू हत्याकांड में एनआईए का बड़ा एक्शन

# कतर से आते ही भगोड़े अब्दुल रहमान को किया गिरफ्तार

**कन्नूर, 05 जुलाई [एजेंसी]।**


प्रवीण नेट्टारू हत्याकांड में एक बड़ी घटना में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक प्रमुख फरार आरोपी अब्दुल रहमान को कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया, जब वह कतर से आया था। यह गिरफ्तारी भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य की 2022 में हुई हत्या की चल रही जांच में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब्दुल रहमान मुख्य हमलावरों की गिरफ्तारी के बाद कतर भाग जाने के बाद करीब दो साल से गिरफ्तारी से बच रहा था। वह उन छह भगोड़ों में से एक था, जिनके लिए एनआईए ने नकद इनाम की घोषणा की थी, उसकी गिरफ्तारी के लिए 4 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

इस साल अप्रैल में एनआईए द्वारा आरोपित चार व्यक्तियों में रहमान भी शामिल था, जिसके बाद इस मामले में कुल आरोपियों की संख्या 28 हो गई। जांच में पता चला कि प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) नेतृत्व के निर्देश पर उसने हमलावरों और मामले के अन्य प्रमुख साजिशकर्ताओं को शरण दी थी। प्रवीण नेट्टारू की नृशंस हत्या 26 जुलाई, 2022 को दक्षिण कन्नड़ जिले के सुल्लिया तालुक के बेल्लारे गांव में हुई थी। कथित पीएफआई सदस्यों ने नेट्टारू पर धारदार हथियारों से हमला किया था। एनआईए के अनुसार, यह कृत्य क्षेत्र में आतंक फैलाने और सांप्रदायिक अशांति भड़काने की व्यापक साजिश का हिस्सा था।

# केरल में निपाह वायरस ने फिर दी दस्तक, दो केस मिले, स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नईदिल्ली, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

केरल में निपाह वायरस के दो संदिग्ध मामले सामने आने के बाद अलर्ट जारी किया गया। तीन जिलों में अलर्ट जारी किया गया है जिसमें कोझिकोड, मलप्पुरम और पलक्कड़ शामिल हैं। मलप्पुरम और कोझिकोड के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में किए गए परीक्षणों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि निपाह वायरस के संदिग्ध मामले पलक्कड़ और मलप्पुरम जिलों से हैं। उन्होंने कहा कि केरल के तीन जिलों कोझिकोड, मलप्पुरम और पलक्कड़ में निपाह वायरस के दो नए मामलों के संबंध में अलर्ट जारी किया गया है। आगे की पुष्टि के लिए नमूने पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) को भी भेजे गए हैं। हालांकि अंतिम पुष्टि का इंतजार है, लेकिन सरकार ने अधिकारियों को वायरस के प्रसार को रोकने के लिए निवारक उपायों को मजबूत करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रतिक्रिया के समन्वय के लिए जिलों में 26 समितियां बनाई गई हैं। संपर्क सूची तैयार करने के लिए पुलिस की मदद ली जाएगी और राज्य और जिला स्तर की हेल्पलाइन सक्रिय की जाएंगी। जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया गया है कि यदि आवश्यक हो तो कंटेनमेंट जोन घोषित करने की व्यवस्था करें। पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) देश की एकमात्र प्रयोगशाला है जो निपाह वायरस का कल्चर करती है।



यह वायरस जूनोटिक प्रकृति (जानवरों से मनुष्यों में फैलता है) का है और यह दूषित भोजन या सीधे लोगों के बीच भी फैल सकता है। निपाह वायरस के लक्षण बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, गले में खराश, चक्कर आना, चेतना में बदलाव और असामान्य निमोनिया हैं। संक्रमित लोगों में, यह लक्षणहीन (सबक्लिनिकल) संक्रमण से लेकर तीव्र श्वसन बीमारी और घातक एन्सेफलाइटिस तक कई तरह की बीमारियों का कारण बनता है। निपाह वायरस रोग की मृत्यु दर 50 प्रतिशत है, जो इसे सबसे खतरनाक वायरल रोगों में से एक बनाता है।

# सागर में इंस्टाग्राम पर 'लाइव' आकर युवक ने की आत्महत्या

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले में 20 वर्षीय युवक ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर लाइव आकर कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मामला जिला मुख्यालय से तकरीबन 35 किलोमीटर दूर शाहपुर कस्बे का है और मृतक की पहचान राहुल अहिरवार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों से पूछताछ करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। शाहपुर थाने के प्रभारी भरत सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना दी गई थी कि राहुल अहिरवार नामक एक लड़के ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने बताया कि राहुल के भाई ने एक युवक से कहा कि राहुल इंस्टाग्राम पर लाइव है और फांसी लगाने की कोशिश कर रहा है, जाकर उसको देखो।सिंह ने कहा कि जब वह युवक घर पहुंचा तो राहुल मृत अवस्था में फंदे पर लटका हुआ पाया गया। उन्होंने कहा, ''मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है।'' राहुल के परिजन ने छतरपुर की एक यूट्यूबर पर राहुल को धोखा देने का आरोप लगाया है। सिंह ने कहा कि परिवार वालों के आरोपों की जांच करके साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।आत्महत्या से पहले 'इंस्टाग्राम' अकाउंट पर लाइव के दौरान हुए राहुल ने किसी से प्रेम होने की बात की थी। इंस्टाग्राम वीडियो में वह यह कहते हुए सुना जा सकता है, ''मेरा ये आखिरी दिन है मैं जीना नहीं चाहता यार... मैं फांसी लगाने वाला हूं... कभी किसी को लाइफ में प्यार ना करे...अभी आप लोग सब लाइव देखो।'' राहुल यह कहने के बाद फंदे से लटक जाता है।

# कानपुर में जानलेवा हमले के चश्मदीद गवाह की अपहरण करके हत्या

**कानपुर, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

कानपुर जिले में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमले के मामले के चश्मदीद गवाह की कथित तौर पर अपहरण करके हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान ट्रैक्टर चालक विमल गौतम (50) के रूप में हुई, जिसका बुधवार को कथित अपहरण कर लिया गया था। सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के बिनगवां गांव से ट्रैक्टर चालक का अपहरण कर लिया गया था और उसका शव शुक्रवार सुबह पनकी नहर से बरामद किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त (घाटनपुर) कृष्णकांत यादव ने बताया कि मृतक के चेहरे और सिर पर चोट के निशान से प्रतीत होता है कि उसे नहर में फेंकने से पहले हथौड़े से वार किया गया होगा।उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। विमल के बेटे शिवम गौतम ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि परिवार ने पिता की तलाश शुरू की, लेकिन उनका पता नहीं चल पाया। फिर उन्होंने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। शिवम ने पुलिस को यह भी बताया कि उसके पिता जानलेवा हमले के एक मामले में मुख्य चश्मदीद गवाह थे और उन्हें 12 जुलाई को इरफान नामक व्यक्ति के पिता जाकिर के खिलाफ अदालत में गवाही देनी थी। शिवम ने आरोप लगाया कि उसके पिता का अपहरण गवाही को रोकने के इरादे से किया गया था।

# महिला वकील को 'डिजिटल अरेस्ट' कर ठगी करने के मामले में तीन गिरफ्तार



गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में रहने वाली एक वरिष्ठ महिला अधिवक्ता को 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनसे 3.29 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (साइबर क्राइम) प्रीति यादव ने बताया कि नोएडा के सेक्टर 47 में रहने वाली बुजुर्ग महिला अधिवक्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' करके उनसे 3,29,70,000 रुपये की ठगी कर ली है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया जिनकी पहचान दुपेंद्र सिंह, विनय समानिया और मनदीप के तौर पर हुई है। इस घटना में शामिल अन्य लोगों की पुलिस तलाश कर रही है।

# अमित शाह की मौजूदगी में शिंदे के जय महाराष्ट्र जय गुजरात नारे पर विपक्ष ने उठाया सवाल

## फडणवीस ने शरद पवार की याद दिला कराई बोलती बंद



**नईदिल्ली, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा एक दुकानदार पर हमला करने के मामले में चल रहे विवाद के बीच, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को अपना भाषण जय महाराष्ट्र का नारा लगाने के बाद जय गुजरात के साथ समाप्त किया। पुणे में एक कार्यक्रम में बोलते हुए शिंदे ने गृह मंत्री अमित शाह की सराहना की और अपने भाषण का समापन जय हिंद, जय महाराष्ट्र, जय गुजरात जैसे नारों के साथ किया। शिंदे की टिप्पणी की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की और एनसीपी (सपा) नेता क्लाइड क्रैस्टो ने उपमुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए उन पर सत्ता का लालची होने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने एकनाथ शिंदे के जय गुजरात नारे पर कहा कि हम इसकी निंदा करते हैं, ये महाराष्ट्र की मातृभूमि और मराठी भाषा का अपमान है। वहीं, उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एकनाथ शिंदे के जय गुजरात वाले नारे की क्लिप शेयर की। साथ ही लिखा- शहा सेना, शहा सेना!

लेकिन महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शिंदे का बचाव किया। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा सिर्फ़ इसलिए कि शिंदे ने जय गुजरात कहा, इसका मतलब यह नहीं है कि शिंदे महाराष्ट्र से ज़्यादा गुजरात से प्यार करते हैं। ऐसी संकीर्ण सोच मराठी लोगों को शोभा नहीं देती।

# नगर निगम के अधिकारी को लातों ने पीटने के मामला, बीजेपी नेता जगन्नाथ प्रधान अरेस्ट, 14 दिन के लिए भेजा गया जेल

**ओडिशा।** पुलिस ने ओडिशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) के एक अधिकारी पर कथित हमले के सिलसिले में भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान को भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटनाक्रम जगन्नाथ प्रधान द्वारा भुवनेश्वर में डीसीपी कार्यालय में आत्मसमर्पण करने के बाद हुआ, जिसके बाद मेडिकल जांच के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) के अतिरिक्त आयुक्त रत्नाकर साहू को पिछले सप्ताह कथित तौर पर उनके कार्यालय से बाहर खींच लिया गया और कुछ बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि प्रधान सहित अब तक कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, प्रधान की गिरफ्तारी के बाद आंदोलन कर रहे ओएएस अधिकारी संघ ने अपना आंदोलन वापस ले लिया, इसके अध्यक्ष ज्योति मिश्रा ने कहा। साहू पर हमले के बाद राज्य भर के ओएएस अधिकारी 'सामूहिक अवकाश' पर हैं। भुवनेश्वर के डीसीपी जगमोहन मीना ने कहा कि प्रधान को एफआईआर और साहू और आरोपी व्यक्तियों के बयानों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रधान ने कहा कि मैं जांच में सहयोग करने के लिए यहां आया हूं।

# बेंगलुरु की अदालत ने अभिनेता कमल हासन को कन्नड़ के खिलाफ टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया

**बेंगलुरू, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को अभिनेता कमल हासन को कन्नड़ के खिलाफ कोई भी टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया। अदालत ने उनपर कन्नड़ भाषा, साहित्य, भूमि व संस्कृति के खिलाफ कोई भी बयान देने, पोस्ट करने, लिखने, प्रकाशित करने पर रोक लगाई है। अतिरिक्त नगर एवं सत्र दीवानी न्यायाधीश ने कन्नड़ साहित्य परिषद (केएसपी) के अध्यक्ष महेश जोशी के माध्यम से दायर एक याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। केएसपी ने हासन को कन्नड़ और संस्कृति के खिलाफ कोई भी अपमानजनक बयान देने से रोकने का भी अनुरोध किया था।



अदालत ने कमल हासन को सम्मन जारी करने का भी आदेश दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख तय की। हासन ने अपनी फिल्म ठग लाइफ के प्रचार कार्यक्रम के दौरान हाल ही में कहा था कि कन्नड़ तमिल से पैदा हुई है। अभिनेता के बयान के बाद कन्नड़ समर्थक समूहों और सांस्कृतिक संगठनों ने व्यापक आक्रोश व्यक्त किया था।

# नोएडा की सोसाइटी के फ्लैट में लगी भीषण आग, घर में फंसी लड़की को सकुशल निकाला



**उत्तर प्रदेश।** गौतमबुद्धनगर जिले की आवासीय सोसाइटी में स्थित एक फ्लैट में भीषण आग लग गई और इस दौरान घर में फंसी 15 वर्षीय लड़की को अधिकारियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अधिकारियों ने यह जानकारीदी। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर में शुक्रवार शाम एसी फटने से भीषण आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना के समय व्यक्ति अपने परिवार सहित बाहर गए हुए थे और उनके फ्लैट में 15 वर्षीय किशोरी थी। चौबे ने बताया कि आग की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि फ्लैट में फंसी लड़की को आसपास के लोगों की सहायता से दमकल कर्मचारियों ने बाहर निकाला। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, थप्पड़ कांड पर सीएम फडणवीस का साफ संदेश, किया सख्त कानूनी कार्रवाई का वादा



**नईदिल्ली, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के सदस्यों द्वारा ठाणे में एक दुकानदार पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को भाषा के नाम पर गुंडागर्दी का मामला बताया और सख्त कानूनी कार्रवाई का वादा किया। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में मराठी भाषा पर गर्व करना गलत नहीं है। लेकिन अगर कोई भाषा के कारण गुंडागर्दी करता है, तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर कोई भाषा के आधार पर लोगों की पिटाई करता है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फडणवीस ने पुष्टि की कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की है तथा ऐसी घटनाएं दोबारा होने पर सख्त परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी मराठी पर गर्व है, लेकिन भारत की किसी भी भाषा के साथ इस तरह से अन्याय नहीं किया जा सकता, यह हमें ध्यान में रखना होगा। और कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग अंग्रेजी को गले लगाते हैं और हिंदी पर विवाद पैदा करते हैं। यह कैसी सोच है और यह कैसी हरकत है। इसलिए, कानून को अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना 1 जुलाई को एक वीडियो वायरल होने के बाद प्रकाश में आई, जिसमें एमएनएस कार्यकर्ताओं को एक मिठाई की दुकान के मालिक से भिड़ते और उस पर हमला करते हुए दिखाया गया, क्योंकि उसने कथित तौर पर मराठी में बात करने से इनकार कर दिया था। परेशान करने वाले फुटेज में तीन लोग दुकान में घुसते और दुकानदार से उसकी भाषा पसंद के बारे में पूछते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब उससे पूछा गया कि वह मराठी क्यों नहीं बोल रहा है, तो दुकानदार ने शांति से जवाब दिया मुझे नहीं पता था कि मराठी बोलना अनिवार्य है। किसी को मुझे सिखाना होगा। फिर उनमें से एक आदमी ने उसे चेतावनी दी, मार खाएगा। जिसके बाद उसने हिंसक हमला किया। हमलावरों ने दुकानदार को कई बार थप्पड़ मारे, गाली-गलौज की और उसका कारोबार बंद करने की धमकी दी। जब दुकानदार ने जवाब दिया कि महाराष्ट्र में सभी भाषाएँ बोली जाती हैं, तो हमलावरों का गुस्सा और भड़क गया।

## उप्र के बांदा में आकाशीय बिजली की चपेट आने से युवक की मौत

बांदा जिले के बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार शाम बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।बबेरू कोतवाली पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब छह बजे तेज बारिश के दौरान भदेहदू गांव के मजरा सुम्मे पुरवा के रहने वाला युवक लवलेश (25) आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की सूचना राजस्व अधिकारियों को दी गई है, ताकि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता मिल सके।

# करोल बाग स्थित विशाल मेगा मार्ट में आग लगने के बाद लिफ्ट से मिला युवक का शव



**नईदिल्ली।** दिल्ली के करोल बाग स्थित विशाल मेगा मार्ट के शोरूम में आग लगने के बाद एक युवक का शव लिफ्ट के अंदर मिला। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कुमार धीरेंद्र प्रताप (25) के रूप में हुई है। पुलिस, दमकल और आपदा मोचन बल के कर्मियों के संयुक्त तलाश एवं बचाव अभियान के दौरान शव लिफ्ट के अंदर मिला। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में बताया कि कल शाम करीब छह बजकर 44 मिनट पर पदम सिंह रोड स्थित चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली थी। बयान में कहा गया, ''यह विशाल मेगा मार्ट का आउटलेट है। आग इमारत की दूसरी मंजिल तक ही सीमित रही।'' अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कुल 13 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



## क्रिस्टल डिसूजा को पसंद आया फर्स्ट कॉपी का रेट्रो लुक, करिश्मा कपूर को बताया रोल मॉडल

टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा अपनी हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी में अपने किरदार को लेकर दर्शकों की सराहना बटोर रही हैं। वह बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर की बड़ी फैन हैं। उन्होंने कहा कि करिश्मा 90 के दशक में अपने फैशन सेंस और फिल्मों में परफॉर्मेंस को लेकर लड़कियों के लिए इंस्पिरेशन थीं।

वह उस दौर की सिर्फ एक एक्ट्रेस नहीं, बल्कि एक स्टाइल आइकॉन और रोल मॉडल हैं। बता दें कि सीरीज फर्स्ट कॉपी की कहानी 1990 के दशक में सेट की गई है। इसमें क्रिस्टल डिसूजा ने मोना नाम की लड़की का किरदार निभाया है। मोना एक ऐसी फिल्म स्टार हैं जो अब मशहूर तो नहीं रहीं, लेकिन अपनी पुरानी शोहरत और उस दौर की परेशानियों से जूझ रही हैं।

क्रिस्टल डिसूजा ने बताया कि इस सीरीज का पुराना, रेट्रो माहौल उन्हें बहुत पसंद आया। खासकर पुराने जमाने का फैशन और स्टाइल उन्हें बहुत अच्छा लगा, क्योंकि यह उस दौर की चमक-धमक के पीछे छिपी सच्चाई को दिखाता है। क्रिस्टल ने कहा, 90 के दशक की शानदार हीरोइन करिश्मा कपूर का स्टाइल, उनके गहने, सब कुछ बिल्कुल परफेक्ट था।

और सच कहूं तो मैं उनकी वॉर्डरोब से कुछ भी उठाकर 2025 में पहन लूं, तब भी मैं बहुत अच्छी लगूंगी।फर्स्ट कॉपी में मुनव्वर फारुकी, गुलशन ग्रोवर, साकिब अयूब, आशी सिंह, मियांग चेंग और रजा मुराद अहम किरदार में हैं। सीरीज में मुनव्वर आरिफ नाम के लड़के का किरदार निभा रहे हैं, जो तेज-तर्रार और चालाक है। आरिफ प्यार और हिम्मत से भरा है। उसने अपनी जिंदगी में मुश्किल और संघर्ष देखा है, जहां वह वॉकमैन बेचता है। उसकी जिंदगी उस वक्त बदलती है, जब वह फिल्म पाइरेसी की दुनिया में कदम रखता है। आरिफ इस काम से काफी सफलता हासिल करता है और जल्दी ही अपना साम्राज्य खड़ा कर लेता है, जहां उसकी फर्स्ट कॉपी उसकी शोहरत और पैसा कमाने का जरिया बन जाती है। फर्स्ट कॉपी अमेजन प्लेयर पर उपलब्ध है।



## कंगना शर्मा का ब्लैक मिनी ड्रेस में दिखा बोल्ड अवतार, सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें

एक्ट्रेस कंगना शर्मा अपने स्टाइल और ग्लैमरस लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर हमेशा चर्चा में रहती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह ब्लैक मिनी ड्रेस में बेहद बोल्ड और अट्रैक्टिव नजर आ रही हैं. उनका ये लुक फैंस को इतना पसंद आ रहा है कि पोस्ट पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. ब्लैक रफल्ड टेक्सचर्ड मिनी ड्रेस में कंगना शर्मा का यह लुक काफी स्टनिंग लग रहा है. ओपन हेयर, न्यूड मेकअप और कॉन्फिडेंट पोज़ ने उनके इस लुक को और भी खास बना दिया है. इस पोस्ट में उन्होंने अपने स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट को भी टैग कर उनका आभार जताया है.

कंगना शर्मा का ये लुक इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है. फैंस उन्हें गॉर्जियस, हॉट और स्टनिंग जैसे कॉम्प्लीमेंट्स दे रहे हैं. उनकी ये तस्वीरें एक बार फिर साबित करती हैं कि कंगना सिर्फ एक अच्छी एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि एक फैशन दीवा भी हैं.

गौरतलब है कि कंगना शर्मा वेब सीरीज़ और म्यूज़िक वीडियो के जरिए दर्शकों के बीच खास पहचान बना चुकी हैं. अब उनके फैशन सेंस और बोल्ड अंदाज ने भी उन्हें इंस्टाग्राम सेंसेशन बना दिया है.

# मेकअप में कई तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है फाउंडेशन, यहां जानिए तरीके

फाउंडेशन एक मेकअप प्रोडक्ट है, जो त्वचा के रंग को समान बनाने और उसे चमकदार दिखाने में मदद करता है। आमतौर पर फाउंडेशन का उपयोग चेहरे पर बेस बनाने के लिए किया जाता है, लेकिन इसके कई अन्य उपयोग भी हैं। इस लेख में हम आपको फाउंडेशन के कुछ अनोखे और असरदार उपयोगों के बारे में बताएंगे, जिससे आप अपने मेकअप रूटीन को और भी खास बना सकती हैं।

लिपस्टिक के बेस के रूप में करें इस्तेमाल

फाउंडेशन का इस्तेमाल लिपस्टिक के बेस के रूप में किया जा सकता है। अगर आपके पास लिपस्टिक है, जो हल्की या फिर बहुत ज्यादा रंगीन नहीं है तो उसे लगाने से पहले अपने होठों पर थोड़ा सा फाउंडेशन लगाएं। इससे लिपस्टिक का रंग और गहरा दिखेगा और वह पूरे दिन टिकेगी। इसके अलावा फाउंडेशन लगाने से आपके होंठों का रंग और भी गहरा और आकर्षक दिखेगा, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

आईशैडो को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए करें उपयोग- फाउंडेशन का उपयोग आईशैडो के बेस के रूप में भी किया जा सकता है। अगर, आपकी आईशैडो जल्दी धुंधली हो जाती है या फिर फैल जाती है तो उसे लगाने से पहले अपनी



पलकें पर थोड़ा सा फाउंडेशन लगाएं। इससे आईशैडो लंबे समय तक टिकी रहेगी और आपकी आंखें खूबसूरत दिखेंगी। इसके अलावा फाउंडेशन लगाने से आईशैडो का रंग भी ज्यादा गहरा और आकर्षक दिखेगा, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करें इस्तेमाल- फाउंडेशन का उपयोग दाग-धब्बों को छिपाने के लिए भी किया जा सकता है। अगर आपके चेहरे पर कोई दाग-धब्बा हो तो उसे छिपाने के लिए फाउंडेशन का उपयोग करें। इसके लिए थोड़ी मात्रा में फाउंडेशन लेकर उसे दाग-धब्बे पर अच्छे से लगाएं। इससे दाग-धब्बा धीरे-धीरे छिप जाएगा और आपकी त्वचा साफ-सुथरी दिखेगी। फाउंडेशन लगाने से न केवल दाग-धब्बे छिपेंगे बल्कि आपकी त्वचा का रंग भी समान लगेगा, जिससे आपका चेहरा और भी निखर जाएगा। गालों पर रंगत लाने के लिए करें इस्तेमाल

फाउंडेशन का उपयोग गालों पर रंगत लाने के लिए भी किया जा सकता है। अगर आपके पास ब्लश नहीं है या फिर आपका ब्लश बहुत जल्दी खत्म हो जाता है तो थोड़ी मात्रा में फाउंडेशन लेकर अपनी गालों पर हल्के हाथों से लगाएं। इससे आपके गालों पर प्राकृतिक रंग आएगा और मेकअप भी लंबे समय तक बरकरार रहेगा। इसके अलावा फाउंडेशन लगाने से गालों का रंग और भी निखर जाएगा, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। कंसीलर के रूप में करें उपयोग- फाउंडेशन का उपयोग कंसीलर के रूप में भी किया जा सकता है। अगर आपके पास कंसीलर नहीं है या फिर वह आपके चेहरे के रंग से मेल नहीं खाती तो थोड़ी मात्रा में फाउंडेशन लेकर अपनी आंखों के नीचे, नाक के पास या फिर किसी भी जगह पर जहां कंसीलर की जरूरत हो वहां लगाएं। इसके बाद इसे अच्छी तरह मिलाएं ताकि कोई भी लाइन न दिखे और आपका चेहरा साफ-सुथरा दिखे।

# लहंगे के साथ पहनी जा सकती हैं ये 5 तरह की फुटवियर्स, लगेंगी बेहतरीन

लहंगे के साथ सही फुटवियर्स का चुनाव करना बहुत जरूरी है। यह आपके पूरे लुक को बदल सकता है और आपको खास महसूस करा सकता है। पारंपरिक लहंगे के साथ सही फुटवियर्स चुनने से न केवल आपका स्टाइल बेहतर होता है, बल्कि आप आरामदायक भी महसूस करती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर्स के बारे में बताएंगे, जो पारंपरिक लहंगे के साथ अच्छे लगते हैं और आपको स्टाइलिश और आरामदायक महसूस कराते हैं।

पारंपरिक जूतियां भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। ये न केवल देखने में सुंदर लगती हैं, बल्कि इन्हें पहनकर चलना भी आरामदायक होता है। लहंगे के साथ पारंपरिक जूतियां पहनने से आपका लुक और भी खास लगता है। जूतियों पर की गई कढ़ाई और रंगों का मेल आपके पूरे परिधान को आकर्षक बनाता है। इन जूतियों को पहनकर आप न केवल स्टाइलिश दिखती हैं, बल्कि इन्हें पहनकर चलना भी आसान होता है।अगर आप अपने लहंगे के साथ हील्स पहनती हैं तो यह आपके पूरे लुक को एक नया रूप देती हैं। हील्स पहनने से आपकी ऊंचाई बढ़ती है और आप अधिक आकर्षक दिखती हैं, खासकर जब आप भारी लहंगे पहनती हैं तो हील्स आपके व्यक्तित्व को निखारती हैं। हालांकि, इन्हें चुनते समय आराम पर ध्यान दें ताकि पूरे



दिन इन्हें पहनने में कोई दिक्कत न हो।

स्टाइलिश वेजेस

स्टाइलिश वेजेस आपके लहंगे के साथ एक बेहतरीन मेल बना सकती हैं। ये न केवल देखने में अच्छी लगती हैं, बल्कि इन्हें पहनकर चलना भी आसान होता है। वेजेस की ऊंचाई आपके पैर को आराम देती है और आप पूरे दिन इन्हें पहनकर सहज महसूस करती हैं। खासकर शादी-ब्याह जैसे अवसरों पर जब आपको लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है, तब वेजेस बहुत मददगार होती हैं।

ब्लॉक सैंडल

ब्लॉक सैंडल आजकल बहुत चलन में हैं और ये आपके पारंपरिक लहंगे के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। इनकी सैंडल इन्हें अधिक आरामदायक बनाती है, जिससे आप पूरे दिन इन्हें पहन सकती हैं। चौड़ी तली की सैंडल का डिजाइन भी बहुत आकर्षक होता है, जो आपके पूरे लुक को खास बनाता है। इन सैंडल्स को पहनकर आप न केवल स्टाइलिश दिखती हैं, बल्कि इन्हें पहनकर चलना भी आसान होता है। स्नीकर्स- अगर आप अपने पारंपरिक लुक में थोड़ा आधुनिक स्पर्श जोड़ना चाहती हैं, तो एक रंग के स्नीकर्स एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। सफेद या काले रंग के स्नीकर्स किसी भी रंग के लहंगे के साथ अच्छे लगते हैं और इन्हें पहनकर चलना बहुत आसान होता है। ये स्नीकर्स न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि आपके लुक को एक नया रूप भी देते हैं। इनसे आप स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करेंगी।

## देवशयनी एकादशी कल वर्जित होंगे मांगलिक कार्य

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष में मनाई जाने वाली एकादशी को आषाढ़ एकादशी को देवशयनी एकादशी, हरिशयनी एकादशी और पद्मनाभा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। 6 जुलाई को है। इस दिन से कार्तिक की देवउठनी एकादशी तक मांगलिक कार्य वर्जित होंगे।



पुराणों के संदर्भ से पंडित नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया कि यह समय भगवान विष्णु का शयनकाल होता है यानी कि इस दिन से श्रीहरि भगवान विष्णु चार महीनों के लिए क्षीरसागर में योग निद्रा के लिए चले जाते हैं, इसीलिए इसे हरिशयनी एकादशी कहते हैं। चार महीने की इस अवधि को चातुर्मास भी कहते हैं. इस दौरान कोई शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं।

देवशयनी एकादशी तिथि का प्रारंभ दिनाँक 05 जुलाई 2025 शनिवार को शाम 06 बजकर 58 मिनट पर होगा और इस तिथि का समापन दिनाँक 06 जुलाई 2025 रविवार को रात्रि 09 बजकर 58 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, देवशयनी एकादशी का व्रत दिनाँक 06 जुलाई 2025 रविवार को रखा जाएगा। भगवान विष्णु ने जब असुरराज बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया, तब राजा बलि ने भगवान विष्णु से वर मांगा कि मैं आपकी सेवा पाताल लोक में कर सकूं, अत: आप मेरे यहां पर निवास करें। तब भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह वचन दिया कि चार महीने देवशयनी एकादशी से लेकर देव प्रबोधिनी एकादशी तक मैं तुम्हारे यहां रहूंगा। भगवान विष्णु के पाताल लोक में जाने की यह बात देवशयन कही जाती है, साथ ही भगवान विष्णु द्वारा दिए हुए वचन को संपूर्ण रूप से निभाने के लिए भी देवशयनी एकादशी का महत्व बताती है। एकादशी हमें अपने कर्मों पर एवं अपने वचन पर अडिग रहने की प्रेरणा देती है।

ब्रह्म वैवर्त पुराण में देवशयनी एकादशी के विशेष माहात्म्य का वर्णन किया गया है। इस व्रत से प्राणी की समस्त मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।

## बजरंगी भाईजान की मुन्नी को मिली साउथ की बड़ी फिल्म, नंदमुरी बालकृष्ण संग मचाएंगी धमाल

आपको बजरंगी भाईजान की वो क्यूट सी मुन्नी तो याद होगी, जिसने इतनी कम उम्र में कमाल की एक्टिंग कर सबका दिल जीत लिया था. मुन्नी का वह यादगार किरदार निभाने वाली हर्षाली मल्होत्रा अब बड़ी हो गई हैं और साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार है. उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया पर अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए यह खुशखबरी अपने फैंस को दी.नंदमुरी बालकृष्ण की आने वाली फिल्म अखंड 2 लोगों के बीच काफी चर्चा में है. कलाकारों की घोषणा से लेकर पहली झलक तक, फैंस बड़े पर्दे पर धमाका देखने के लिए बेताब हैं. इन सबके बीच, निर्माताओं ने एक बड़ी घोषणा की है. सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान में मुन्नी की भूमिका से मशहूर हुईं हर्षाली मल्होत्रा, एनबीके के अखंड 2 में जननी के रूप में शामिल हो गई हैं. अखंड 2 में हर्षाली मल्होत्रा निर्माताओं ने अखंड 2 से जननी के रूप में हर्षाली मल्होत्रा का पहला लुक शेयर किया. वह ट्रेडिशनल लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं.मेकर्स ने फिल्म से उनका पहला पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन दिया, एक देवदूत की मुस्कान और सोने का दिल. बजरंगी भाईजान फेम हर्षाली मल्होत्रा को अखंड 2 से जननी के रूप में पेश किया जा रहा है. अखंड 2 ठंडावम सिनेमाघरों में दशहरा 25 सितंबर को. इस खुशखबरी को हर्षाली ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अपनी खुशी और फैंस का आभार जताया. फिल्म से अपना पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एक खामोशी थी जो सब कुछ कह गई, एक मुस्कान थी जो दिल में रह गई. छोटी सी मुन्नी थी, पर यादों में बड़ी बन गई. आज फिर एक कहानी लेकर आयी हूं, इस बार लफ्जों के साथ, एक नई रोशनी बन कर छायी हूं. मुन्नी सिर्फ एक किरदार नहीं थी, वो एक एहसास थी, एक याद थी, एक धड़कन थी - कुछ ऐसा जो आपके और मेरे साथ रहा. इतने सालों बाद भी, मैंने तुम्हारे प्यार को थामे रखा है - धैर्यपूर्वक, चुपचाप, और कृतज्ञता से भरे दिल के साथ. जब आप मुन्नी को याद कर रहे थे, मैं तैयारी कर रही थी - सीख रही थी, बढ़ रही थी, और बन रही थी. ताकि एक दिन, जब मैं वापस आऊं, तो मैं न केवल उस छोटी लड़की के रूप में लौटूं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो स्क्रीन पर फिर से सब कुछ महसूस करने के लिए तैयार हो, आपके साथ. अब, मैं आखिरकार उसे आपके साथ शेयर करने के लिए तैयार हूं. जननी से मिलो - एक नई कहानी, एक नया एहसास, मेरा एक नया अध्याय. वह हंसती है, वह सपने देखती है, वह दिल से बोलती है, और मैंने हर सीन में अपनी आत्मा डाल दी है.



## शब्द सामर्थ्य -099

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 098 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## बॉक्स ऑफिस पर सितारे जमीन पर की बादशाहत कायम

आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर दर्शकों के मनोरंजन के लिए सिनेमाघरों में लगी हुई है। 20 जून को रिलीज हुई इस स्पोर्ट्स कॉमेडी ड्रामा फिल्म को पहले ही सुपरहिट घोषित किया जा चुका है। दूसरे सप्ताह भी इस फिल्म का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यह फिल्म अब तक कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। आइए आपको बताते हैं सितारे जमीन पर ने 13वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, सितारे जमीन पर ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 2.75 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ अब भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 132.90 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में सितारे जमीन पर का भी खूब डंका बज रहा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक 208 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिलहाल इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस से हिलना मुश्किल लग रहा है। सितारे जमीन पर के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर ने खुद इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर किया है।

# कोरिया में कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों पर उठ रहे सवाल








**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले का कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन केंद्र माना जाता है, जहां कृषि से जुड़ी उन्नत तकनीकों, फसलों की वैज्ञानिक पद्धतियों, बीजों की गुणवत्ता, मृदा परीक्षण, और शासन की विविध योजनाओं का लाभ कृषकों तक पहुंचाया जाना चाहिए। लेकिन जमीनी हकीकत इससे काफी अलग दिखाई देती है। जिले के अनेक किसान यह आरोप लगा रहे हैं कि कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियां सीमित होकर रह गई हैं और अधिकांश किसान इससे अंजान या वंचित हैं।

स्थानीय किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र कोरिया की ओर से अभी तक किसी भी कृषि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं किया गया है। केवल मूंगफली की फसल का प्रदर्शन कार्यक्रम नाममात्र का कराकर गतिविधियों की खानापूर्ति की गई है। जबकि कृषि विज्ञान केंद्र का उद्देश्य क्षेत्रीय फसलों पर अनुसंधान, किसानों को नवीन तकनीकों से प्रशिक्षित करना, मृदा परीक्षण कराना, मौसम आधारित सलाह देना, बीज उत्पादन एवं प्रसंस्करण जैसे बहुआयामी कार्यों को अंजाम देना है। परंतु इनमे से अधिकांश कार्यों की या तो शुरुआत ही नहीं हुई है या केवल कागजों तक सीमित हैं।

जिले के ग्राम पंचायत सलका, सालवा, बस्ती, सागरपुर, चेरी, बिशनपुर, नगर, शहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों से बातचीत में यह बात सामने आई कि उन्हें कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों की जानकारी तक नहीं दी जाती। किसी भी प्रकार की कार्यशाला, सेमिनार या शिविर की सूचना ग्रामीण अंचलों तक नहीं पहुंचती। जिन योजनाओं का प्रचार-प्रसार सरकारी रिकॉर्ड में दिखाया जाता है, वे किसान तक पहुंच नहीं पातीं।

ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र में एक ट्रक मूंगफली लगभग 500 बोरी आया लेकिन स्थानिक किसानों को नहीं मिला स्थानी किसानों ने यह भी बताया कि जिले के जनप्रतिथियों के घर तक पहुंचा पहुंचा कर दिया जा रहा है शासन की प्रदर्शनी योजना सिर्फ कागजों तक सीमित कर रह गया है। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र कोरिया के प्रभारी कमलेश सिंह से संपर्क करने का प्रयास करने पर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया जिससे उनका पक्ष नहीं रखा जा सका मामला चाहे जो भी हो लेकिन कोरिया जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## धरती पर हरियाली बिखेरने बड़े पैमाने पर कई प्रजाति के लगाए पौधे, करेंगे इनका संरक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर।** सोनहत एसडीएम राकेश साहू के नेतृत्व में आज तहसील परिसर, सोनहत में तहसीलदार सहित तमाम अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया।

एसडीएम राकेश साहू ने बताया कि शासन के निर्देश और कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन के तहत जिले के सभी शासकीय कार्यालय के खुले परिसर में बड़ी संख्या पौधारोपण किया जाना है, इसी तारतम्य में सोनहत के तहसील कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। तहसीलदार उमेश कुशवाहा ने बताया कि तहसील परिसर में एसडीएम राकेश साहू के नेतृत्व में 300 से अधिक संख्या में आम, नीम, गुलमोहर, दहिमन, कटहल, जामुन, शीशम, महोगनी पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया एक पेड़ मां के नाम के तहत अधिकारियों-कर्मचारियों ने इस पौधारोपण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लिए। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने इन सभी पौधों की सुरक्षा, देखभाल का संकल्प लिया। उन्होंने आम लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि बारिश के मौसम में अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण जरूर करें।

## गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई थाना पुलिस ने व्यास तालाब चौक के पास गांजा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 25 किलो 490 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर व्यास तालाब चौक के पास दबिश देकर आरोपी संतोष कुमार पंडाल 35 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है।

## रतनपुर क्षेत्र में डायरिया का असर

**रायपुर।** बरसात की शुरुआत के साथ ही रतनपुर क्षेत्र के कई गांवों में डायरिया का प्रकोप फैलने लगा है। बीते दस दिनों में रतनपुर के स्वास्थ्य केंद्र में करीब 80 मरीजों को उल्टी-दस्त और डायरिया की शिकायत के बाद इलाज के लिए लाया गया। सभी का सफलतापूर्वक इलाज कर उन्हें छुट्टी दे दी गई है। फिलहाल हर दिन 10 से 15 नए मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित गांवों में नवागांव और गिरजाबंद शामिल हैं, जहां करीब 35 से 40 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसके अलावा आसपास के अन्य गांवों से भी इक्का-दुक्का मरीज लगातार आ रहे हैं। हालात को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट मोड पर काम शुरू कर दिया है। सीएमएचओ के निर्देश पर डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम 24 घंटे अस्पताल में तैनात है। गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है, जबकि सामान्य लक्षण वाले मरीजों को दवाएं देकर घर पर आराम करने की सलाह दी जा रही है। डायरिया की रोकथाम के लिए प्रभावित गांवों में क्लोरिन लिक्विड, जिंक टैबलेट और ओआरएस का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्हें पानी उबालकर पीने, क्लोरीन युक्त पानी का सेवन करने, साफ-सफाई बनाए रखने और बाहर के खाने से बचने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को उल्टी-दस्त या कमजोरी की शिकायत हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।

# एकल शिक्षक प्राथमिक स्कूल मधौरा को युक्तियुक्तकरण से मिली शिक्षिका





**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के युक्तियुक्तकरण के निर्णय से जिले को भी इसका लाभ मिला है। जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने जानकारी दी है कि सोनहत विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला मधौरा एकल शिक्षक हुआ करते थे लेकिन अब युक्तियुक्तकरण से विद्यालय को एक शिक्षिका मिल गई है और इस तरह स्कूल में शिक्षिका श्रीमती रेहाना परवीन सहित दो शिक्षक हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। इसको ध्यान में रखकर शालाओं और शिक्षकों का तर्कसंगत समायोजन किया गया है। जहां जरूरत ज्यादा है, वहां शिक्षकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित हो। उन स्कूलों को, जो कम छात्रों के कारण समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें नजदीक के अच्छे स्कूलों के साथ समायोजित किया गया है, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल, संसाधन और पढ़ाई का समान अवसर मिल सके। युक्ति-युक्तकरण से शिक्षा का स्तर सुधरेगा और हर बच्चे को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। यह पहल राज्य की शिक्षा व्यवस्था को ज्यादा सशक्त बनाने के लिए किया गया है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत शिक्षकों के युक्ति-युक्तकरण की एक व्यापक और प्रभावशाली प्रक्रिया शुरू की है। इस पहल से दूरस्थ, आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता और शिक्षा की गुणवत्ता का नया संतुलन कायम होगा।

# जिला बाल संरक्षण इकाई ने रोका 17 वर्षीय बालिका का विवाह



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम लगातार बाल विवाह रुकवा रही है। वर्तमान प्रकरण में ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई कि एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका का विवाह रिस्तेदारो द्वारा उसके गांव से अन्यत्र उसकी बुआ के यहां ले जाकर विवाह कराया जा रहा है। जिसका सत्यापन आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक से कराने पर शिकायत की पुष्टि होने पर जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी गई, जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड लाईन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस बालिका के बुआ के घर पहुची।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बालिका के साथ उनके परिजनों को समझाईस दिया गया और बताया गया कि इतनी छोटी बच्ची का विवाह नहीं होना चाहिए बच्ची कक्षा 8 वीं तक की पढाई की है। उसे अभी स्कूल में पढ़ाई कराया जाना चाहिए और 18 वर्ष की हो तभी विवाह किया जाये। बाल विवाह के दुष्परिणामो एवं कानुनो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समक्षाईस पश्चात मौके पर यह बाल विवाह न करने हेतु बालिका का कथन, पंचनामा, बुआ, फूफा का कथन तैयार किया गया। बाल विवाह हो जाने की शंका पर बालिका को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने हेतु पंचनामा बनाकर रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के निर्देश पर सखी वन स्टाप सेंटर सूरजपुर में संरक्षित किया गया। जांच के द्वौरान बालिका कि बुआ द्वारा यह बताया गया कि इसी मंडप में अपने बेटे का विवाह कर रहे है बालक के दस्तावेज की भी जांच की गई बालक की उम्र अभी 18 वर्ष पूर्ण नहीं हुआ है। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि बालक को एक 26 वर्षीय महिला द्वारा 2019 से बहला फुसलाकर प्रेम संबंध स्थापित कर विवाह कर अपने साथ रख कर लैंगिक शोषण किया गया है। जिससे महिला गर्भवती हो गई एवं एक बालक को जन्म दी है। परिवार वालो द्वारा बालक एवं महिला का घर मे पुन: विवाह कराया जा रहा है। बालक की उम्र अभी विवाह योग्य नहीं हुई है। उक्त प्रकरण में गीता लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की दोषी प्रतित होती है। जिस हेतु पंचनामा, गीता का कथन, बालक का कथन लिया गया। प्रकरण कार्यवाही हेतु लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 के तहत जांच कर अपराध कायम करने हेतु थाना प्रभारी भटगांव को पत्र जारी किया गया है।

## जीवन दीप समिति की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन पर हुई विस्तृत चर्चा

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सिविल सर्जन द्वारा जिला चिकित्सालय में उपलब्ध समस्त स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही जिला चिकित्सालय में आईसीयू यूनिट को क्रियाशील करने, प्राइवेट रूम की सुविधा आरंभ करने, पार्किंग शेड निर्माण, आयुष ओपीडी प्रारंभ करने तथा पंचकर्म चिकित्सा हेतु भवन की सुविधा पर विस्तृत चर्चा की गई। एमसीएच अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के मरम्मतीकरण, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं पुराने कैमरों की मरम्मत, फिजियोथेरेपी यूनिट में सुविधाएं बढ़ाने तथा आधार-आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू करने जैसे विषयों पर भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) प्रोत्साहन राशि पर भी विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, भवनों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली। बैठक में जीवन दीप समिति की आय-व्यय की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई और संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर बल दिया गया। कलेक्टर जयवर्धन ने निर्देशित किया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनसुलभ बनाया जाए। चिकित्सालयों में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफपूर्ण हों ताकि आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा सुलभ हो सके। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ./स.), कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपलन अभियंता छ.ग. विद्युत मंडल विभाग, कार्यपालन अभियंता सी0जी0एम0एस0सी0 सरगुजा संभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, आवासीय चिकित्सा अधिकारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ,आयुष चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अस्पताल प्रबंधक, मेट्रन, नर्सिंग सिस्टर उपस्थित थे।

# चिनिया जलाशल नहर निर्माण का कार्य निर्धारित अवधि में नहीं हुआ पूर्ण, बरसात में मुख्य मार्ग से आवजाही प्रभावित

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज चिनिया जलाशय एवं नहर निर्माण का कार्य जो 9 महीने में पूर्ण हो जाना चाहिए था वह 36 महीने में भी पूर्ण नहीं हो सका है वही करीब 20 दिन पूर्व महावीरगंज से चिनिया मुख्य डामरीकृत मार्ग को नहर निर्माण के लिए बरसात में खोद दिया गया है। जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो गया है एवं सैकड़ो लोगों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है वही बस भी जो इस मार्ग से होकर जाता था वह बंद है। गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग के द्वारा चिनिया जलाशय की हेड वर्क एवं दो किलोमीटर नहर निर्माण का कार्य 2 करोड 14 लाख 29 हजार रुपए लागत से 3 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। यह कार्य 9 महीना में पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु 3 वर्ष के बाद भी यह अत्यंत मंथर गति से चल रहा है स्थिति यह है कि 20 दिन पूर्व यहां ठेकेदार के द्वारा महावीरगंज चीनीया या मुख्य मार्ग को नहर निर्माण के लिए खोद दिया गया है जिस कारण से इस मार्ग से आना-जाना बंद हो गया है यहां तक की पैदल लोग भी आज नहीं पा रहे है।मार्ग के अवरुद्ध होने से सैकड़ो लोगों को काफी यासुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल जाने में भी हो रही है परेशानी.... चिनिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में बच्चे महावीरगंज स्कूल पढ़ने जाते हैं परंतु मुख्य मार्ग के खोद दिए जाने के कारण स्कूल आना-जाना मुश्किल हो रहा है किसी प्रकार दूसरे दूसरे मार्ग से बच्चे स्कूल जा रहे है। बच्चों ने भी तत्काल मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है। 9 माह का कार्य 36 माह में भी पूर्ण क्यों नहीं हो सका..... चिनिया जलाशय की हेड वर्क एवं 2 किलोमीटर नहर निर्माण का कार्य 9 माह में पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु वह 36 माह में भी पूर्ण नहीं हो सका है कार्य अत्यंत मंथर गति से चल रहा है विभाग के कार्य शैली पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं कार्य यदि समय सीमा में होता तो इसका समुचित लाभ किसानों को मिलता।

जिस प्रकार से जल संसाधन विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है कार्य अत्यंत मन्थर गति से चल रहा है वहीं इसके गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे है। कई बार स्थानीय ग्रामीणों ने गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े किए परंतु कार्य की मन्थर गति तेज नहीं हो सकी वही कार्य के गुणवत्ता में भी सुधार नहीं हो सका ऐसे में कितना लाभ किसानों को इसका मिल सकेगा वह देखने वाली बात होगी। 14 किलोमीटर का सफर सड़क बाधित होने का अतिरिक्त तय करना पड़ेगा....... महावीरगंज से पहले लोग सीधे चिनिया रामचंद्रपुर सहित अन्य गांवों तक चल जाते थे परंतु रोड बाधित होने के कारण अब कनकपुर होकर 14 किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ेगा यही यदि बगरा होकर जाते हैं तो यह 20 से अधिक किलोमीटर का सफर तय होगा। शांति समिति की बैठक में ग्रामीणों ने की अधिकारियों से शिकायत..... विजयनगर चौकी के द्वारा शांति समिति के बैठक आयोजित की गई थी जिसमें कई गांव के लोग उपस्थित हुए इसमें ग्रामीणों ने एक स्वर में रोड बाधित होने की बात उठाई एवं नाराजगी व्यक्ति की। जिस पर तत्काल तहसीलदार के द्वारा जल संसाधन विभाग के एसडीओ को सड़क में आवगमन सामान्य करने की बात कही। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एमपी डहरिया ने कहा कि नहर निर्माण के लिए वहां खुदाई हुआ है पानी बरस जाने के कारण थोड़ी सी असुविधा हो रही है प्रयास है कि जल्दी से जल्दी नहर को पूर्ण कर आवागमन को सामान्य किया जा सके।

## लिपिक को 17 हजार 500 रूपए रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा

**दुर्ग।** जिले के बोरी तहसील में पदस्थ लिपिक वीरेंद्र तुरकाने को एसीबी की टीम ने 17 हजार 500 की रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा है दरअसल ग्राम टेका पार के रहने वाले किसान धनेंद्र ने एसीबी को शिकायत की थी कि वह अपनी जमीन नामांतरण करने कई दिनों से तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहा है। लिपिक वीरेंद्र तुरकाने ने बताया कि नामांतरण की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 17500 लगेंगे पैसा नहीं देने के कारण ननामांतरण नही हो रहा है इसके बाद किसान ने परेशान होकर एसीबी से संपर्क किया और लिखित में शिकायत दर्ज कराई और दस्तावेज सौप पूरी जानकारी दी पर शिकायत की पुष्टि के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने लिपिक वीरेंद्र को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई जैसे ही वीरेंद्र ने रिश्वत की राशि ली एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया आरोपी से रिश्वत में ली गई 17500 की राशि भी बरामद कर ली गई है।

## तस्करी की योजना नाकाम, गांजा के साथ तीन पकड़ाए

**रायपुर।** खमतराई के व्यास तालाब बीरगांव के पुलिस ने गांजा की तस्करी करने के फिराक में खड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के पास से 25 किलोग्राम से अधिक मात्रा में गांजा जब्त किया है। आरोपीगण मूलत: उडिसा, महाराष्ट्र एवं बिहार के निवासी है।

बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी कड़ी में थाना खमतराई पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना खमतराई क्षेत्रान्तर्गत स्थित व्यास तालाब बीरगांव, रायपुर के पास 03 व्यक्ति अपने पास मादक पदार्थ गांजा रखा है जिसे तस्करी करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना खमतराई पुलिस टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी करते हुये संदेहियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। संदेहियों के पास रखे 02 काले रंग के पिठ्दू बैंग एवं प्लास्टिक की बोरी को चेक करने पर उसके अंदर गांजा रखा मिला। आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमश: संतोष कुमार निवासी उमरपोर्ट थाना नवरंगपुर (उडिसा), महेश श्याम राव कामडे निवासी कवडगांव थाना आस्टी जिला अहिल्या नगर (महाराष्ट्र)तथा सुफ्यिान खान निवासी बथाना पोष्ट अमनौर थाना मडौरा जिला छपरा (बिहार) हाल बंजारी नगर मदरसा के पास रावांभाठा का होना बताये। उक्त आरोपियो से उनके पास रखे मादक पदार्थ गांजा के संबधं में दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया किन्तु आरोपियो द्वारा कोई भी वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जिस पर आरोपी संतोष कुमार से कुल तीन पैकेट में रखे कुल 10.050 किलो ग्राम गांजा एवं 01 नग मोबाईल फ ोन,महेश श्याम राय कामड़े से तीन पैकेट में 09.120 किलो गाम गांजा एंव 01 नग मोबाईल फ ोन तथा सुफ्यिान खान से तीन पैकेट में 06.320 किलो गाम गांजा एवं 01 नग मोबाईल फोन जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर आरोपियो के विरूद्ध 25 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपियो के विधिवत् कार्यवाही किया गया। आरोपियो से पूछताछ करने पर अन्य राज्यो में भी गांजा की तस्करी करने का लिंक मिला जिसके संबध में विवेचना की जा रही है।

## खरोरा में नाबालिग ही हत्या करने वाला युवक गोंदिया में पकड़ाया

**रायपुर।** राजधानी के खरोरा थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी मुस्कान धीवर की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल धीवर को महाराष्ट्र के गोंदिया से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि 27 जून को खरोरा थानाक्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी की लाश मिली थी। मामले की सूचना मिलने पर खरोरा पुलिस मौके पर पहुंची। जहां युवक साहिल की चप्पल और गमछा बरामद हुआ, जिसकी पहचान उसके पिता ने की थी। वहीं जांच में यह पाया गया था कि मृतका अपने दूर के रिश्तेदार युवक साहिल के साथ निकली थी और साहिल में घटना दिनांक से गायब था। पुलिस को जांच के दौरान घटना से पहले का एक सीसीटीव्ही फुटेज मिला। सीसीटीव्ही फुटेज में मुस्कान एक लड़के के साथ बाइक पर बैठी नजर आई। पुलिस ने बाताया की गाड़ी चलाने वाला युवक साहिल धीवर ही था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को आरोपी युवक के गोंदिया में होने की सूचना मिली जिसपर पुलिस ने आरोपी को गोंदिया जाकर गिरफ्तार कर लिया। पुदताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि आरोपी और मृतका आपस में दूर के रिश्तेदार थे और दोनों के बीच प्रेम संबंध था। तथा साहिल को शक था कि मुस्कान किसी अन्य लड़के से भी संपर्क में है। इसी शक के चलते साहिल ने मुस्कान की हत्या की साजिश रची। और 26 जून को साहिल घूमाने के बहाने मुस्कान को गांव से बाहर एक तालाब के पास ले गया। तालाब के पास पहुंचने के बाद आरोपी ने चाकू और पत्थर मुस्कान पर हमला किया।

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com


# मलगांव और सुआभोड़ी का मुआवजा मामला सीबीआई जांच के दायरे में!

## 151 प्रकरण को बोगस मानकर रकम जमा करने को कहा

**कोरबा।** कोरबा जिले में एक के बाद एक फर्जीवाड़ा सामने आ रहे हैं। डिस्टिक मिनिरल फाऊंडेशन से संबंधित कार्यों मैं आर्थिक गड़बड़ी के चक्कर में पूर्व कलेक्टर रानू साहू और ड्राइवर की असिस्टेंट कमिश्नर माया वारियर को लंबे समय तक जेल की हवा खानी पड़ी। अब साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दीपिका क्षेत्र में जमीन अर्जन से संबंधित मुआवजा को लेकर गड़बड़ी सामने आई है। जानकार सूत्रों का दावा है कि मलगांव और सुआभोड़ी गांव के मुआवजा प्रकरण सीबीआई जांच के दायरे में तो है ही। देर सबेर इनकी जांच होने में कोई संदेह नहीं।

कोरबा जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की मेगा प्रोजेक्ट का विस्तार करने के लिए किसी भी कीमत पर आसपास की जमीन की जरूरत है और इसे प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। इस फेर में एसईसीएल से लेकर राजस्व अमले को गड़बड़ी करने का भरपूर मौका मिल गया है। हाल में ही मलगाँव में जमीन अर्जन और विस्थापितों के नाम से बनाए गए मुआवजा प्रकरणों में गड़बड़ी उजागर हुई। हैरानी की बात नहीं है कि पूरी प्रक्रिया कुछ महीने पहले ही निपट चुकी और विलंब से पता चला कि कम से कम 151 मामलों में गलत तरीके से मुआवजा बना। स्थानीय प्रशासन ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपिका क्षेत्र को निर्देशित किया कि जिन मामलों में मुआवजा वितरण हो चुका है उसकी राशि या तो जमा कराई जाए या फिर ऐसे प्रकरण को निरस्त किया जाए। सवाल उठ रहा है कि आखिर इसकी जानकारी क्या पहले नहीं थी।



यहां बताना आवश्यक होगा कि मलगांव में अनेक लोगों ने मुआवजा वितरण से पहले ही अनावश्यक रूप से तोड़फोड़ करने को लेकर आवाज उठाई थी लेकिन अधिकारियों के संरक्षण में किसी ने भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया और बड़े हिस्से को उजाड़ दिया। मलगाँव व सुआभोडी में जमीन के अधिग्रहण को लेकर मुआवजा के जितने प्रकरण तैयार किए गए, उन्हें लेकर कहां जाना है कि अब यह सभी जांच के दायरे में आ गए हैं। कहा जा रहा है कि आज नहीं तो कल, जांच एजेंसी सीबीआई का घेरा इसमें होगा ही। उच्च जांच होने पर मुआवजा के नाम पर किए गए खेल और इनमें अधिकारियों से लेकर दलालों की भूमिका को उजागर होने से कोई भी नहीं रोक सकेगा। सूत्रों का दावा है कि आखिर अधिकृत क्षेत्र में बड़ी संख्या में परीसंपत्तियां का अचानक से तैयार हो जाना और फिर उनका सर्वे किया जाना , तब भी संदेह के दायरे में था। यह बात अलग है कि किसी खास कारण से उस पर ध्यान नहीं दिया।

### सवाल उठाए थे रलिया के लोगों ने

कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रलिया गांव के लोगों ने जिला प्रशासन से फरवरी महीने में शिकायत की थी। उन्होंने लिखित रूप से जानकारी की थी सीसीएल गेवरा क्षेत्र के लिए जमीन का अधिग्रहण किए जाने के मामले में गंभीर गड़बड़ी की गई है। लोगों ने आरोप लगाया था कि यहां पर दलालों के माध्यम से कई फर्जी लोगों के नाम प्रभावित की सूची में जोड़ दिए गए हैं। लोगों की मांग थी कि पहले भौतिक सत्यापन और जमीन की नापजोख की जाए और इसके बाद मुआवजा दिया जाए। शिकायत करने वालों में त्रिभुवन सिंह, संहिता सिंह, नवीन, रति सिंह शामिल है। हालांकि इस शिकायत पर हुआ कुछ नहीं।

### पूछताछ की थी जांच एजेंसी ने

कोयला कंपनी के अंतर्गत जमीन अर्जित किए जाने और इसके एवज में तैयार मुआवजा प्रकरण से संबंधित शिकायत को लेकर पूर्व में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के द्वारा उदय नारायण, श्यामू आदि से पूछताछ की गई। जबकि गभेल नामक व्यक्ति का मुआवजा निरस्त कर दिया गया। इस समय से लग रहा था कि पूरा मुआवजा मामला ही विवादित हो गया है और आने वाले दिनों में इस तरफ एक्शन होगा ही।

## नोनबिर्रा और भैंसमा मार्ग में 15 मवेशियों की जान ली वाहन ने

**कोरबा।** उरगा-हाटी मार्ग पर पिछली रात हुए हादसे में 15 मवेशियों की मौत हो गई। दो स्थान पर अज्ञात वाहन ने इन मवेशियों को अपनी चपेट में लिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल में लगी हुई है। इन मामलों में पशुपालकों की जानकारी ली जा रही है। वहीं पुलिस ने अपने स्तर पर संसाधन जुटाने के साथ मृत मवेशियों का अंतिम संस्कार कराया।

नोनबिर्रा में पेट्रोल पंप के पास मुख्य मार्ग पर पांच मवेशियों को मृत पाया गया। पिछली रात्रि को इस रास्ते से गुजर रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही दिखाते हुए मवेशियों को कुचल दिया। उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। करतला पुलिस थाना प्रभारी के के वर्मा ने बताया कि मृत मवेशियों के पालक का पता नहीं चला है। जेसीबी और मैनपावर की व्यवस्था करने के साथ मवेशियों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा भैंसमा के पास रात्रि को एक घटना हुई है जिसमें 11 मवेशियों की मौत हो गई। यह सभी सड़क के आसपास थे और वाहन की चपेट में आ गए। थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मामले में संबंधित जानकारी एकत्र की जा रही है ताकि इसके आधार पर आगे कार्रवाई की जा सके। याद रहे गुरुवार की रात कोरबा में कलेक्ट्रेट मार्ग पर एक स्विफ्ट कार के शराबी चालक की लापरवाही से एक बालिका समेत पांच लोग घायल हो गए। इनमें से दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन का उपचार अस्पताल में चल रहा है।



## शहर में घुस रहे वाहनों पर कार्रवाई, पुलिस हुई सख्त



**कोरबा।** कटघोरा नगर में घुस रहे भारी व ओवरलोड वाहनों को लेकर नगर में यातायात का दबाव बढ़ रहा है और दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना रहता है। जिसे लेकर जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के मार्गदर्शन में एएसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह व राम पांडेय अपनी टीम के साथ शाम 6 बजे कटघोरा नगर के मुख्य चौराहे शहीद वीर नारायण चौक पर पॉइंट लगाकर शहर में घुस रहे भारी वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की और साथ मे समझाइस भी दी कि कटघोरा शहर में आवागमन के लिए बायपास सड़क का प्रयोग करें अन्यथा बड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने शहर में घुस रहे बड़ी संख्या में भारी वाहनों को कड़ी समझाइस दी गई और कुछ वाहनों पर कार्यवाही भी गई। बतादें की कटघोरा शहर कोरबा व अम्बिकापुर का मुख्य बिंदु क्षेत्र है और कटघोरा में सुतर्रा से ढेलवाडीह होते हुए रामपुर तक बायपास का निर्माण कराया गया है। जबकि शहर में नो एंट्री लागू है लेकिन भारी वाहन चालकों में इसे लेकर जरा भी भय नही है और बेख़ौफ़ शहर के भीतर से होकर गुजरते है। इन भारी वाहनों के आवागमन से शहर में हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी द्वारा शहर में यातायात दबाव का एक बड़ा कारण अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका परिषद, लोक निर्माण विभाग कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया था।

## 40 घंटे बाद मिली नाले में बहे मजदूर की लाश



**कोरबा।** जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के कोरबी गांव में तेज बारिश के कारण पुलिया निर्माण स्थल पर काम कर रहा मजदूर तेज बहाव में बह गया था। वह गेवरा-डोंगरगढ़ के बीच रेलवे ट्रैक बिछाने के काम में लगा था। घटना के 40 घंटे बाद उदय कुमार सिंह की लाश कुछ दूरी पर नाले में एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने बरामद की।

झारखंड के पलामू जिले निवासी उदय कुमार सिंह पिता राजकुमार सिंह कोरबा में गेवरा से डोंगरगढ़ के बीच बिछाई जा रही नई रेलवे लाइन के कार्य में लगा हुआ था। गुरुवार दोपहर कोरबी गांव में पुलिया निर्माण स्थल के नीचे काम करने के दौरान तेज बारिश होने लगी और वह तेज बहाव में आकर नाले में बह गया। कोरबा जिले में लगातार झमाझम बारिश हो रही है। कटघोरा समेत पूरे क्षेत्र में भारी बारिश के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है. नदियां और नाले उफान पर हैं, जिससे कई इलाकों में जलभराव देखने को मिला है।

## रोड एक्सीडेंट में घायल हुआ ग्रामीण

**कोरबा।** करतला मार्ग पर हुए एक हादसे में 22 वर्षीय युवक घायल हो गया। कुछ घंटे बाद परिजनों को इसकी जानकारी हुई ।उन्होंने पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। घटना के संबंध में संबंधित तथ्यों का पता लगाया जा रहा है।

हॉस्पिटल पुलिस चौकी के आरक्षक राजेश अनंत ने बताया कि 22 वर्षीय अनिकेत ग्रामीण क्षेत्र का निवासी हैं। कुदमुरा से कोरबा आने के दौरान चचिया गांव के पास एक्सीडेंट में वह घायल हो गया। किसी राहगीर के द्वारा उसके बारे में परिजनों को जानकारी प्राप्त हुई। वे मौके पर पंहुचे और युवक को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि घटना कब और किसके द्वारा की गई, इसका पता नहीं चला है। डॉक्टर ने पीड़ित को हेड इंजरी आने की जानकारी दी है । इस आधार पर उसका उपचार किया जा रहा है। सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर पुलिस जागरूकता अभियान जरूर चला रही है लेकिन चालकों में समझदारी आना बाकी है।

## बिजली कनेक्शन बदलने पर भी जलापूर्ति में समस्याएं

**कोरबा।** नगर पालिका क्षेत्र कटघोरा में बारिश के सीजन में भी लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पा रहा है। दिन में एक बार पानी की आपूर्ति होने से लोगों की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है। मौजूदा समस्या तब बनी हुई है जबकि पंप हाउस के ग्रामीण क्षेत्र पर आधारित विद्युत कनेक्शन को बदलकर शहरी क्षेत्र में जोड़ दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा में अहिरन नदी से पानी को इंटकवल में लेने के बाद उसे पंप हाउस पहुंचने की व्यवस्था की जाती है। फिल्टर होने के बाद यह ओवरहेड टैंक पहुंचता है और फिर उसके जरिए पाइपलाइन से विभिन्न वार्डों में इसकी आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाती है। पिछले कुछ दिनों से जलापूर्ति के मामले में यहां समस्याएं बनी हुई है। सबसे खास बात यह है कि इससे पहले शिकायत थी कि ग्रामीण क्षेत्र में पंप हाउस का कनेक्शन होने से बार-बार फॉल्ट जैसी दिक्कत होती है और फिर आपूर्ति नहीं हो पाती। इस बात को ध्यान में रखते हुए जल प्रदाय विभाग में विद्युत कनेक्शन को बदल दिया और नए फीडर पर उसकी व्यवस्था कराई। शहरी क्षेत्र में विद्युत कनेक्टिविटी होने के बावजूद अभी भी जल आपूर्ति की व्यवस्था को लेकर समस्याएं कायम है। नागरिकों ने बताया कि एक ही समय पानी प्राप्त होने से कामकाज नहीं हो पा रहा है।



इसी मसले को लेकर कुछ दिन पहले ही भाजपा पार्षद पवन अग्रवाल और उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा वीर नारायण चौराहे पर नगर पालिका के खिलाफ धरना दिया गया था। बताया गया कि इसके बाद दो-तीन दिन तक पूरी व्यवस्था ठीक नहीं लेकिन अब हाल-चाल यस के तस हो गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष राज्य जायसवाल की जानकारी में इन बातों को लाया गया है लोग चाहते हैं कि कम से कम बारिश के दिनों में तो उन्हें पर्याप्त पानी दिया जाए ताकि और अधिक परेशान ना होना पड़े।

## संस्कार भारती की प्रांतीय बैठक कल

**कोरबा।** संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की सामान्य सभा की बैठक रविवार 6 जुलाई को नंद बाग रायगढ़ में रखी गई है। महामंत्री हेमंत माहुलिकर ने बताया कि बैठक में नवीन दायित्व की घोषणा की जाएगी। इसी के साथ पूरे वर्ष की कार्य योजना का भी निर्धारण किया जाएगा।

## नवधा चौक में नेत्र जांच शिविर 10 को

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 29 मुड़ापार में स्थित नवधा चौक में 10 जुलाई नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें श्री विनायक आई हास्पिटल के नेत्र चिकित्सक डॉ. चारूदत्त कलमकार एवं उनके स्टाफ उपस्थित रहकर लोगों के आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श देंगे। शिविर में सामान्य नेत्र जांच, चश्मे के नंबर एवं मोतियाबिंद जांच की सुविधा भी होगी। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगी। पार्षद गोपाल कुर्रे ने वार्डवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने अपील की है।

## अश्विनी मर्डर केस में एक हिरासत में, दूसरे की तलाश जारी

**कोरबा।** कोरबा जिले के बाकीमोगरा क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने संदेही को हिरासत में लिया है जबकि एक अन्य की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अश्वनी पाठक के रूप में कर ली गई है। पता चला कि उसकी दो पत्नियों थी। घटना से पहले वह अपने घर से कब निकला था और इसके बाद क्या कुछ हुआ, इस बारे में अपडेट लिए जा रहे हैं। थाना प्रभारी चमन सिंह ने बताया कि एक स्थान पर मृतक का शव मिला था। परिस्थितियों के आधार पर इस मामले को हत्या से जोड़कर देखा गया और जांच पड़ताल की जा रही थी। मृतक की पहचान करने के साथ कुछ जानकारी प्राप्त हुई और फिर आगे की दिशा में काम शुरू किया गया। पुलिस से का कहना है कि पूरे मामले में कई एंगल को सामने रखने के साथ जांच की जा रही है। फिलहाल एक संदेही को हिरासत में लिया गया है जबकि एक अन्य की तलाश हमें है। पुलिस ने कहा कि इस मामले में तथ्यों का खुलासा जल्द किया जा सकेगा।

## घर के सामने से पार कर दी दुपहिया



**कोरबा।** दीपिका में पुरानी बस्ती इलाके से दीपक जायसवाल की दुपहिया गाड़ी चोर ने पार कर दी। पीड़ित ने बताया कि 4 जुलाई की रात लगभग 10 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल संख्या सीजी 12 बीएस 2129 आपके घर के सामने खड़ी करने के बाद भीतर सोने चला गया। अगली सुबह यह गाड़ी नहीं मिली। भाजपा ओबीसी मोर्चा के महामंत्री दीपक ने इस बारे में और पुलिस को शिकायत की है जिस पर जांच की जा रही है।

## दहशत के बीच रात गुजार रहे गौरछापर के लोग

### 27 हाथियों ने जमाया डेरा

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत ऐतम नगर रेंज के गौरछापर क्षेत्र में 3 जुलाई की रात से 27 हाथियों का दल डेरा जमाए हुए है। भारी संख्या में हाथियों की मौजूदगी से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीण पूरी रात सतर्कता और भय के वातावरण में समय बिता रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है और ड्रोन कैमरों व टॉर्च की मदद से दल की गतिविधियों पर निगरानी बनाए हुए है। विभाग द्वारा प्रभावित ग्रामों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है तथा गावों से दूर रहने की अपील की गई है। कुछ क्षेत्रों में हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का भी प्रयास जारी है। इस दौरान सबसे बड़ी समस्या बिजली आपूर्ति को लेकर सामने आ रही है।



हाथियों के संभावित खतरे के मद्देनज़र विद्युत विभाग द्वारा एहतियातन रात में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है, जिससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। इससे लोगों को दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह इलाका पूर्व में भी हाथियों के विचरण का मार्ग रहा है, परंतु इस बार इतने बड़े दल का एक साथ डेरा डालना असामान्य स्थिति है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा है कि समय रहते समुचित कदम नहीं उठाए गए तो जन-धन की हानि से इनकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बीते वर्षों में हाथियों का उत्पात गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। फसलों को नुकसान, मकानों की तोड़फोड़ और जनहानि की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं, जिससे प्रभावित क्षेत्रों के लोग स्थायी राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

जहां गौरछापर के लोग दहशत में रात बीता रहे हैं वहीं पसान रेंज के बनिया तथा जटगा में भी हाथियों का आतंक जारी है। यहां के जंगलों में 19 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं जिनमें से 14 हाथी जटगा तथा पांच बनिया में सक्रिय हैं, जिनके चलते ग्रामीणों में भय बना हुआ है।

## गर्म पानी के प्रभाव में आने से बालिका की मौत

**कोरबा।** सीतामढ़ी क्षेत्र में निवास 3 वर्ष की बालिका दिव्या पटेल की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल से मिले प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस चौकी ने मर्ग कायम किया है। पुलिस ने बताया कि 3 वर्ष की दिव्या सीतामढ़ी क्षेत्र में स्थित अपने घर में खोलते पानी से झुलस गई थी। 26 जून को यह घटना हुई थी। परिजनों ने अपने स्तर पर उपचार करने के बाद उसे 28 जून को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। शनिवार को सुबह बालिका की यहां पर मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में जरूरी प्रक्रियाएं करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com